हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्ष: 14, अंक: 74 पृष्ठ :8 | www.newsguide.co.in | E-mail : newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, सोमवार 2 जनवरी, 2023 | मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### एयर मार्शल सिन्हा ने पश्चिमी वायु कमान का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा ने नववर्ष के पहले दिन रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान का कार्यभार ग्रहण कर लिया। एयर मार्शल सिन्हा पुणे की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक हैं और वह जून 1985 में एक लड़ाकू विमान पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना में नियुक्त किये गए थे। श्री सिन्हा वेलिंगटन के प्रतिष्ठित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र भी रहे हैं। एयर मार्शल एक अनुभवी फाइटर पायलट हैं और ए श्रेणी के मान्यता प्राप्त फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर, फाइटर स्ट्राइकर लीडर, इंस्ट्रूमेंट रेटिंग इंस्ट्रक्टर तथा परीक्षक के रूप में विभिन्न पदों कार्यरत रहे हैं। एयर मार्शल सिन्हा के पास 4500 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।

### वृंदावन में बनेगा देश का सबसे बड़ा सिटी फॉरेस्ट

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में कान्हा नगरी मथुरा के वृन्दावन के ग्राम सुनरख के पास 130 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा सौभरि नगर वन विकसित किया जा रहा है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना सौभरि शहर वन का काम स्थानीय जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण और वन विभाग द्वारा सामूहिक रूप से किया जा रहा है। वृंदावन के सुनरख और आटस ग्राम और जहांगीरपुर खादर को मिलाकर 130 हेक्टेयर जमीन 10 वर्ष के लिये वन विभाग को दी गई है। यहां वन विभाग द्वारा 76 हजार से अधिक पौधे लगाकर वन बनाया जा रहा है। सौभरि नगर वन में दो चरण में काम हो रहा है। यहां प्रथम चरण में क्षेत्रफल 123 हेक्टेयर में 76875 पौधे वन विभाग द्वारा लगा दिए गए हैं। इन पौधों में पाखर, पीपल, जामुन, शीशम, आमला, नीम, अर्जुन, बरगद, आम, जामुन आदि के पौधे है। उम्मीद है कि यह अगली साल तक काफी बड़े हो जाएंगे। इस वन में ब्रज के पौराणिक महत्व के करीब 25 प्रकार के वृक्ष इस वन में लगाए गए हैं।

### चीन को कड़ी टक्कर देने के लिए भारत है तैयार

**नई दिल्ली।** भारत ने 2022 में अपनी सेना की क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। लद्दाख सीमा गतिरोध के बीच चीनी सैनिकों द्वारा तवांग सेक्टर में घुसपैठ के प्रयास को देखते हुए सरकार इस साल भी सेना को और ताकतवर बनाने पर काम करेगी। लगभग 3,500 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रक्षा करने वाले भारतीय सैनिकों ने 2022 में अपनी लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार खरीदे। हाल के तनाव की बात करें तो 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश की लेकिन भारतीय सेना ने उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 84,328 करोड़ रुपये की लागत से हल्के टैंक, जहाज-रोधी मिसाइल, लंबी दूरी के निर्देशित बम, इन्फेंट्री लड़ाकू वाहन, माउंटेड गन सिस्टम और विभिन्न प्रकार के ड्रोन खरीदे गए।

# कोविड से निपटने की पुख्ता रणनीति तैयार

## अस्पतालों में ऑक्सीजन से लेकर आईसीयू सुविधा की हुई जांच

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोविड सहित अन्य महामारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। चीन, जापान, ब्राजील सहित देश के अन्य राज्यों में कोविड के नए वैरिएंट के पाए जाने के बाद यहां की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई हैं। ऑक्सीजन से लेकर आईसीयू तक को दुरुस्त किया गया है। ऑक्सीजन सुविधाओं को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। इसी के तहत 41 मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट भी बनाए जा रहे हैं। विभिन्न देशों में कोविड के नए वैरिएंट मिलने के बाद अस्पतालों में मॉकड्रिल करके व्यवस्थाओं की जांच की गई है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि इस दौरान 12 अस्पतालों में मामूली कमियां पाई गई थीं, जिन्हें सुधारने के आदेश दिए गए हैं। अब इन अस्पतालों ने कमियों को सुधारने के बाद पूरी व्यवस्था दुरुस्त होने की रिपोर्ट महानिदेशालय को भेज दी है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड के दौरान प्रदेश के अस्पतालों में करीब एक लाख 60 हजार बेड का इंतजाम किया था। जरूरत पड़ने पर फिर से इन सभी बेडों को क्रियाशील किया जा सकेगा। अभी

**तैयारी**

- ऑक्सीजन से लेकर आईसीयू तक को दुरुस्त किया गया
- ऑक्सीजन सुविधाओं को निरंतर बढ़ाया जा रहा है
- देशों में कोविड के नए वैरिएंट मिलने के बाद अस्पतालों में मॉकड्रिल करके व्यवस्थाओं की जांच की गई

फिलहाल प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक कोविड अस्पताल तैयार किया गया है। कोविड वार्ड भी बना दिया गया है।

प्रदेश के सभी जिलों को बायो सेफ्टी लेवल (बीएसएल) 2 लैब से जोड़ा गया है। केजीएमयू, पीजीआई, लोहिया संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाली लैब हैं। जिलों में तैयार की गई लैब से रीजेंट सहित अन्य संसाधनों के बारे में जानकारी मांगी गई है। जिस लैब में सामग्री की कमी है, वहां महानिदेशालय से समन्वय स्थापित कर सामग्री भेजी जा रही है। निदेशक (संक्रामक रोग) डॉ. एके सिंह ने



बताया कि सभी लैब से निरंतर बात की जा रही है, सैंपल संख्या बढ़ाई गई है। लैब को इस कदर तैयार किया जा रहा है कि हर दिन पूरे प्रदेश में कम से कम एक लाख सैंपल की जांच आसानी से हो सके। हालांकि अभी कोविड का असर नहीं है, ऐसे में करीब 25 से 30 हजार सैंपल की जांच हो रही है।

केजीएमयू, एसजीपीजीआई और लोहिया संस्थान में एक-एक ऑक्सीजन प्लांट था। यहां मरीजों को बेड तक सिलिंडर के सहारे ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही थी, लेकिन अब ऑक्सीजन प्लांट की संख्या में निरंतर बदलाव किया जा रहा है। चिकित्सा संस्थानों में दो से तीन प्लांट लगाए जा चुके हैं। इसी तरह विभिन्न जिलों में मौजूद मेडिकल कॉलेजों में एक से दो प्लांट तैयार किए गए हैं। जहां अभी तक ऑक्सीजन प्लांट नहीं हैं, वहां भी निर्माण कार्य चल रहे हैं। प्रदेश में पहले करीब तीन हजार वेंटिलेटर थे, अब इनकी संख्या बढ़कर करीब 12 हजार हो गई है।

## जनता दर्शन से की योगी ने नए साल की शुरुआत, 300 लोगों की सुनी फरियाद

**लखनऊ।** गोरखपुर में नए साल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन की शुरुआत जनता की समस्याओं को सुनने और उसके निस्तारण की प्रक्रिया से की है। सीएम ने कड़ाके की ठंड में जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के तुरंत व संतुष्टिपूर्वक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी और न ही किसी की दवाई-पढ़ाई में धन की बाधा आने दी जाएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान नए साल के पहले दिन रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की फरियाद सुनी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ फरियादियों को भरोसा दिलाया, कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिलकर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना। जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। इस दौरान उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आई एक बेटी को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि पैसे के अभाव में उसकी मनचाही पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वह बेटी कॉलेज की फीस का इस्टीमेट बनाकर डीएम के माध्यम से उन तक उपलब्ध करवाएं। इस्टीमेट मिलते ही आवश्यक धनराशि की तत्काल व्यवस्था कर दी कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई के लिए यह मदद लगातार मिलती रहेगी।मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई फरियादी इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि, इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या गुरु गोरखनाथ के दर्शन पूजन व अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के साथ शुरू हुई। सीएम योगी हर बार की तरह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला भी गए और गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ चना खिलाकर उन्हें दुलार दिया।

# महाराष्ट्र से चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे नड्डा

## सरकार और संगठन का रूप-रंग बदलने की तैयारी में भाजपा

**नई दिल्ली।** नववर्ष 2023 का आगमन हो गया है और इसके साथ ही भाजपा आलाकमान 2024 में होने वाले आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारियों को अब अंतिम रूप भी देने जा रहा है। 2023 में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर सरकार और संगठन दोनों के रूप-रंग को बदलने का फैसला कर लिया गया है और आने वाले दिनों में इन फैसलों को जमीनी धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही है। इसी के मद्देनजर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सोमवार को महाराष्ट्र में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के चुनाव पूर्व अभियान की शुरुआत करेंगे। लोकसभा प्रवास योजना के तहत नड्डा चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और

**फैसला**

- दोनों के रूप-रंग को बदलने का फैसला कर लिया गया
- जमीनी धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही

पार्टी और जनसभाओं की एक श्रृंखला आयोजित करेंगे। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं, लेकिन बीजेपी ने देशभर में तैयारियां शुरू कर दी हैं। नड्डा चुनाव पूर्व अभियान शुरू करने के लिए हर राज्य में प्रवास करेंगे। कुल 545 लोकसभा क्षेत्रों में से, पार्टी ने 160 निर्वाचन क्षेत्रों को शॉर्टलिस्ट किया है, जहां उसे कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ सकता



है। महाराष्ट्र में 144 निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें से 18 के लिए कठिन हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्री रावसाहेब दानवे जैसे प्रमुख नेता नड्डा के महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे में उनके साथ होंगे। 2023 में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम और जम्मू कश्मीर सहित कुल मिलाकर 10 राज्यों एवं केंदशासित प्रदेश में विधान सभा चुनाव होना है। आपको बता दें कि, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल भी इसी महीने खत्म हो रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भी इसी महीने होनी है।

# मुर्मू, धनखड़, मोदी ने दी देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नए साल के पावन मौके पर रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत पक्ष एवं विपक्ष के तमाम नेताओं ने देशवासियों को नववर्ष की बधाई दी है। नए साल के मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्वीट किया, वर्ष 2023 हम सभी के जीवन में नई प्रेरणा, लक्ष्य और उपलब्धि लेकर आए। आइए हम लोग खुद को देश की एकता, अखंडता और समावेशी विकास के लिए समर्पित करें। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भी देशवासियों को नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा, नए साल 2023 का स्वागत करते हुए मेरे देशवासियों को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह खुशी का



अवसर हमारे प्रयासों को और अधिक मजबूती के साथ बनाए रखने का एक अवसर है, ताकि विकास की गति को सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ट्वीट में कहा कि वर्ष 2023 आप सभी के लिए मंगलमय हो! यह वर्ष आशा, खुशियों और ढेर सारी सफलताओं से भरा हो। आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, साल 2023 की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। यह वर्ष आप सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया मेरे देशवासियों नव वर्ष के हर्षोल्लास के अवसर पर मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

# बीजेपी,कांग्रेस और सपा आरक्षण विरोधी, यही आज का कड़वा इतिहास है: मायावती

**संवाददाता**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर राज्य की 17 अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण से वंचित करने का आरोप लगाया। मायावती ने लखनऊ में एक बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि सपा ने 17 अति-

**आरोप**

- राज्य की 17 अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण से वंचित करने का आरोप लगाया
- कांग्रेस पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा को भी आड़े हाथ लिया

पिछड़ी जातियों को ओबीसी वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग) की सूची से



हटाकर एससी (अनुसूचित जाति) वर्ग में शामिल करने का गैर-संवैधानिक कार्य कर इन वर्गों के लाखों परिवारों को ओबीसी आरक्षण से वंचित कर दिया। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ऐसा करने का अधिकार नहीं होने के बावजूद (तत्कालीन) सपा सरकार द्वारा यह गलत कदम उठाने से वे सभी जातियां न तो ओबीसी में ही रह पाई और न ही उन्हें एससी में शामिल किया जा सका। उन्होंने कहा कि इस कदम को लेकर सपा सरकार को अदालत की फटकार भी लगी, जबकि बसपा सरकार में एससी और एसटी (अनुसूचित जनजाति) के साथ-साथ अति-पिछड़ों व पिछड़ों को भी आरक्षण का पूरा हक एवं आदर-सम्मान दिया गया। मायावती ने आरोप लगाया, सपा की सरकारों ने अति-पिछड़ों को पूरा हक न देकर उनके साथ हमेशा छल करने का काम किया। सपा ने पदोन्नति में एससी-एसटी आरक्षण खत्म कर दिया। पार्टी ने संसद में इससे संबंधित विधेयक की प्रति फाड़ दी और उसे पारित भी नहीं होने दिया।

## आनंदीबेन ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नववर्ष-2023 के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। नववर्ष की पर जारी बधाई संदेश में आनंदीबेन ने कहा कि नववर्ष नई आशा एवं प्रेरणा लेकर आता है। नये वर्ष पर हम सबको संकल्प लेकर देश निर्माण के लिए नये लक्ष्य तय करने चाहिए। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनायें और एक-दूसरे के प्रति भाईचारे की भावना मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। साथ ही कोरोना के नियमों का पालन कर स्वयं एवं समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। राज्यपाल ने नववर्ष के पहले दिन आगंतुकों से पूर्वान्ह 11 बजे मुलाकात की।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी को बागपत में प्रवेश करेगी

**बागपत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का तीन जनवरी को उत्तर प्रदेश के बागपत में प्रवेश के बाद मवीकलां गांव में रात्रि विश्राम होगा। यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में तैयारियां तेजी से चल रही है। बागपत के मवीकला गांव में खेल स्टेडियम के पास गांधी समेत दस हजार कार्यकर्ताओं के ठहराने की व्यवस्था करने में कांग्रेसी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। गुजरात की एक कंपनी को टैंट लगाने तथा दस हजार लोगों को भोजन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें से तीन हजार



कार्यकर्ताओं को बस से शामली ले जाकर ठहराने की व्यवस्था की गई है। पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. यूनुस चौधरी ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी की शाम चार बजे मवीकलां पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि मवीकलां में स्टेडियम के पास 32 बीघा जमीन में टैंट लगवाने का कार्य जोरों पर है।

## पार्टी लोकतंत्र, समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है

# सपा भारतीय संविधान को मानती है: अखिलेश यादव

**संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि समाजवादी पार्टी पूरे तौर पर भारतीय संविधान को मानती है। पार्टी लोकतंत्र, समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है। देश की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमेशा से संकल्पित है। यादव ने कहा कि देश के घटनाचक्र पर गहरी नज़र रखने के साथ

**राणनीति**

- समाजवादी पार्टी राष्ट्रहित में मजबूती से राजनीतिक हस्तक्षेप करती रही
- हर स्तर पर न्याय और समानता को स्थापित करना है

समाजवादी पार्टी राष्ट्रहित में मजबूती से राजनीतिक हस्तक्षेप करती रही है। उन्होंने कहा कि सपा का उद्देश्य समाजवादी समाज की स्थापना तथा



हर स्तर पर न्याय और समानता को स्थापित करना है। देश की खुशहाली और विकास के लिए पार्टी की नीतियां राष्ट्रीय विकल्प हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दृष्टिकोण राष्ट्रीय है। सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय हित के लिए समाजवादी विचारधारा सर्वोपरि है। समाजवादी पार्टी की अपने विचारों और कार्यक्रमों की प्रतिबद्धता है। समाजवादी पार्टी ने अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के जरिए हमेशा राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को जब-जब सेवा का मौका मिला है तब-तब उसने देश की जनता के लिए सर्वहितकारी और सर्वोत्तम कार्य किए हैं। समाजवादी सरकारों के दौरान पार्टी की नीतियों पर चलकर किए गए कार्यों को दूसरे प्रदेशों और देश की सरकारों ने अनुसरण किया है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की आर्थिक, सामाजिक और कृषि नीतियां सुस्पष्ट है।

पार्टी हमेशा छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने की समर्थक रही है। आज के वर्तमान आर्थिक परिवेश को देखते हुए स्पष्ट है कि छोटे और मध्यम उद्योग ही देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से किसानों को आगे बढ़ाने की समर्थक रही है। पार्टी सामाजिक न्याय के जरिए सभी वर्गों के उत्थान और कल्याण तथा उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2023 की राजनैतिक संभावनाओं के चलते 2024 में सांप्रदायिक और नफरत की राजनीति को खत्म करने के लिए रेखा खिंच जाएगी और राष्ट्रीय राजनीति में समाजवादी विचारधारा का रास्ता प्रशस्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### परिषदीय विद्यालय को मिलेंगे 2-2 टैबलेट

**हरदोई।** जिले में नए साल से परिषदीय विद्यालय पूर्ण रूप से डिजिटल हो जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय को दो-दो टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद विद्यालय की सभी गतिविधियां ऑनलाइन हो जाएगी। इससे जनपद के 5 लाख विद्यार्थी और 15 हजार शिक्षक और शिक्षा मित्र लाभान्वित होंगे। इनमें मानव संपदा, प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य सूचनाएं भी विभिन्न वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से भेजी जा रही हैं। विद्यालय में तैनात अभी तक विभागीय पोर्टल व ऐप का प्रयोग अपने निजी मोबाइल के माध्यम से कर रहे है। इसमें कई समस्याएं आती है। विभाग की ओर से इस समस्या निदान के लिए अब प्रत्येक परिषदीय विद्यालयों को दो-दो टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। नए साल के प्रथम माह तक टैबलेट के विद्यालयों तक पहुंचने की संभावना है। टैबलेट के विद्यालय में आने के बाद परिषदीय विद्यालयों के लगभग सभी कार्य डिजिटल हो जाएंगे। इससे विद्यालय के शिक्षकों को ब्लॉक व जिला मुख्यालय तक की दौड़ भी नहीं लगानी पड़ेंगी। शिक्षकों की उपस्थिति के साथ प्रशिक्षण व बैठक भी ऑनलाइन होंगी। इससे शिक्षण कार्य में व्यवधान नहीं पड़ेगा। विद्यालय में टैबलेट आने पर शिक्षकों, विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन हो जाएंगी। कक्षा शिक्षण कार्य में दीक्षा ऐप सहित विभिन्न शैक्षिक ऐप का प्रयोग किया जा सकेगा। प्रेरणा पोर्टल पर कार्य व शिक्षण प्रशिक्षण, अनुश्रवण, टीएलएम सामग्री, ई-मेल आदि का प्रयोग शुरू हो जाएगी। मिड-डे मील की सूचनाएं भी शिक्षक ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**हरदोई।** जिले में पाली के चलिकापुर गांव में एक किसान की विद्युत ट्रांसफॉर्मर के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के ताऊ ने गांव के ही एक युवक पर उसे जबरन ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ाने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मलिकापुर निवासी 35 वर्षीय नीरज दोपहर गांव के बाहर दूध डेरी के पास लगे ट्रांसफॉर्मर पर चढ़कर तार ठीक कर रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे लेकर फर्रुखाबाद के एक निजी हॉस्पिटल पहुंचे। जहां पर नीरज को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के ताऊ भभूती ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाया कि उसने धमका कर नीरज को ट्रांसफॉर्मर के पोल पर चढ़ा दिया था। इस कारण वह करंट की चपेट में आ गया। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### राज्यमंत्री ने जरूरतमंदों को वितरित की कंबल

**हरदोई।** जिले में शीतलहर के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनी तिवारी ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे हैं। कंबल पाकर बेसहारों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। तहसील सभागार में आज कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। तहसील प्रशासन द्वारा तहसील क्षेत्र के बेसहारा, बुजुर्गों, महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार किसी भी गरीब और बेसहारा को ठंड में ठिठुरने नहीं देगी। उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश की सरकार गरीबों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। सभी वर्गों का बिना भेदभाव के विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। कार्यक्रम में एसडीएम धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कंबल वितरण के लिए पात्रों का चयन किया गया था। आज के दिन जो लोग कंबल वितरण से वंचित रह गए, अतिशीघ्र उनको भी कंबल वितरण किया जाएगा। इस मौके पर तहसीलदार नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भीषण ठंड के बावजूद पाली कस्बे में नहीं जले अलाव

**हरदोई।** जिले में कई दिनों से पड़ रही भीषण ठंड के बावजूद नगर पंचायत पाली की ओर से अभी तक अलाव नहीं लगवाए गए हैं। इसकी वजह से राहगीरों और नगरीय नागरिकों को ठंड से ठिठुरना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन का दावा है कि अलाव जलाए जा रहे हैं। पूरे कस्बे में महज एक-दो जगह अलाव जलाए जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऊपर से शीतलहर चलने के कारण लोगों की कंपकंपी छूट जाती है। लेकिन इसका अहसास नगर पंचायत पाली को नहीं हुआ है। कस्बे में अलाव जलवाने की व्यवस्था ही नहीं हुई है। जबकि पूर्व में नगर पंचायत द्वारा सर्दी का मौसम शुरू होते ही अलाव जलवा दिए जाते थे। नगर निवासी अंकुश गुप्ता का कहना है कि इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। नगर पंचायत प्रशासन की तरफसे अलाव जलवाने में कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। 25 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बा पाली में महज एक या दो स्थानों पर ही अलाव जल रहे हैं। अलाव की व्यवस्था की जाए, जिससे गरीब बेसहारा लोगों को मदद मिले। मोहल्ला बेनीगंज निवासी सुशील बाजपेई का कहना है कि अलाव की व्यवस्था करना नगर पंचायत का काम है, लेकिन कस्बे में अलाव के नाम पर एक लकड़ी तक नहीं जलाई जा रही है। शीघ्र अलाव जलवाए जाएं।

### भाकियू राष्ट्रशक्ति ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरदोई।** शाहाबाद में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी उमा शंकर यादव के निर्देश पर प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा की अगुवाई में मण्डल अध्यक्ष खालिक खां की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विकासखंड पिहानी क्षेत्र के अंतर्गत जहानी खेड़ा, हाजीपुर, उमर सेंडा, भेठुआ में भूमाफिया, दबंगों द्वारा किसानों को प्रताड़ित व उनकी जमीनों पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। जिसे कब्जा मुक्त ना कराए जाने पर किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जहानीखेड़ा में शांति देवी के खेत में घरों का गंदा पानी जबरदस्ती निकाला जा रहा है। करीब एक गट्ठा खेत को कब्जा किया गया है। हाजीपुर में राकेश पुत्र विशाल आदि के खेत पर सत्रपाल, प्रहलाद ने खेत पर अवैध कब्जा कर लिया। उधर, उमर सेंडा गांव में प्रधान पूनम देवी द्वारा चारागाह गोशाला की जमीन पर गेहूं की फसल अवैध कब्जा कर बो रखी है। जिसमें पट्टे के खेत में गन्ने को काटने से मना कर रही है। खलिहान की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए मकान में पंचायत घर के सामने बनाए जीर्णोद्वार पर पंचायत भवन ना लिखवाकर अपने पुरखों का नाम लिखवा दिया है। जिसका किसान नेता अरविंद कुशवाहा ने विरोध किया। प्रधान ने अभद्रता पूर्वक धमकी देते हुए कहा कि बहुत जल्द तुम पर मुकदमा लिखवा दूंगा। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी पिहानी से जानकारी लेना चाही तो मीटिंग का बहाना करके फोन काट दिया। ज्ञापन के दौरान भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र शक्ति युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खालिद खान ने कहा कि अगर सभी समस्याओं का निदान 15 दिवस में नहीं हुआ तो प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष खालिद खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, सचिव कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष प्रशांत दीक्षित, शांति देवी सहित कई किसान मौजूद रहे।

### आवारा जानवरों से किसान परेशान, फसलों को कर रहे बर्बाद

**उन्नाव।** बांगरमऊ में सरकार की तरफसे करोड़ों के पशु आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इसके बावजूद इलाके में छुट्टा पशुओं का आतंक है। किसान रातभर जागकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं। खेत के चारों ओर कंटीले तार भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में घूमकर किसानों की फसलों को तबाह करते बेसहारा पशुओं के संरक्षण हेतु गांव भिक्खन पुर गोपालपुर में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से एक गौशाला का निर्माण करवाया गया है। इसके अलावा गोसाकुतुब, गढ़ा, भिखारीपुर पटसिया, बेहटा मुजावर, तेरवा जहांगीराबाद आदि सहित ग्रामीण क्षेत्र में कुल 10 पशु आश्रय स्थल संचालित हैं। इसके अलावा गंजमुरादाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में भी एक पशु आश्रय स्थल बना हुआ है। जिससे गंजमुरादाबाद ब्लाक क्षेत्र में सरकार के कई करोड़ रुपए खर्च कर कुल 11 सरकारी पशु आश्रय स्थल संचालित हो रहे हैं। स्थानीय व ब्लाक स्तरीय जिम्मेदारों की देखरेख में इन सभी 11 स्थलों पर कुल मिलाकर मौजूदा समय 1863 पशु संरक्षित है। जिनके खानपान के लिए सरकार की तरफ से प्रति पशु 30 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से धनराशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। एक ब्लाक के लिए सरकार द्वारा प्रतिदिन के हिसाब से 55,890 रुपए खर्च किए जा रहे है। किंतु इतनी बड़ी रकम खर्च के बाद भी क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा पशुओं की संख्या पर लगाम लगती नहीं दिख रही है। इन पशुओं से अपनी फसलों को बचाने के लिए किसान सुधांशु, रामकेशन, रामखिलावन, रमाकांत, संदीप, अनिल आदि सहित लोग भीषण सर्दी में भी अपने खेतों के आसपास कंटीले तार व रस्सी आदि बांधकर फसलों की सुरक्षा में लगा हुआ है।

# 2024 में पूरा हो जाएगा राम मंदिर का निर्माण

## विकास से पर्यटन के शिखर पर पहुंचेगी धर्मनगरी अयोध्या

**संवाददाता**

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का निर्माण वर्ष 2024 तक पूरा हो जाएगा। मौजूदा समय में मंदिर निर्माण का आधा से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। संभवतः लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मंदिर में रामलला विराजमान कर विधिवत पूजा अर्चना शुरू हो जाएगी। एक ओर राम मंदिर दुनिया भर की आस्था का केंद्र बनेगा, वहीं योगी सरकार ने रामनगरी को विश्व के आध्यात्मिक पर्यटन के नक्शे पर नई पहचान दिलाने के लिए 'दिव्य अयोध्या-भव्य अयोध्या'बनाने की योजना बनाई है।

योगी सरकार ने वर्ष 2017 में पहली बार अयोध्या में दीपोत्सव का भव्य आयोजन कर साफ संकेत दिया था कि अयोध्या सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में अयोध्या के विकास के साथ कोई समझौता नहीं होगा। अयोध्या में राम मंदिर का शिलापूजन होने के बाद से सरकार रामनगरी के विकास में जुटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ किया है कि पर्यटन के नक्शे पर

**आधारशिला**

- » मौजूदा समय में मंदिर निर्माण का आधा से अधिक कार्य पूरा हो चुका
- » 2024 से पहले मंदिर में रामलला विराजमान कर विधिवत पूजा अर्चना शुरू हो जाएगी

अयोध्या शीर्ष पर रहे। सरकार की ओर से वहां 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को आधार मानकर करीब 30 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं। अयोध्या में 821 एकड़ में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की डेडलाइन मार्च 2023 रखी गई है। रनवे का 60 फीसदी काम पूरा हो चुका है। पहले चरण में टर्मिनल का करीब 45 फीसदी काम भी पूरा हो चुका है। 20 एकड़ जमीन को छोड़ बाकी का अधिग्रहण हो चुका है। पहले फेज का निर्माण कार्य पूरा होने पर यहां से एटीआर 72 और कुछ अन्य छोटे जहाजों की उड़ान शुरू हो जाएगी। रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण



और विस्तार के लिए 240 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। सरकार ने करीब 1200 एकड़ में वैदिक अयोध्या का भी निर्माण होना है। इस बाबत माझा, बरहटा व शाहबाजपुर में करीब 700 एकड़ की भूमि का अधिग्रहण प्रक्रिया में है। इसके प्रोजेक्ट को कुछ संशोधनों के साथ केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी चैलेंज योजना के तहत भेजा गया है। अगर इसे चुना गया तो 15वें वित्त आयोग के तहत 15 हजार करोड़ रुपये का अनुदान मिलेगा। यही नहीं, सरकार करीब 210 किमी लंबे रामवनगमन मार्ग को भी धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है। सरकार का दावा है कि जब राम मंदिर का निर्माण पूरा होगा, उस समय तक अयोध्या का कायाकल्प हो चुका होगा। साथ ही नव्य अयोध्या भी आकर ग्रहण लेने लगेगी। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।सरकार का मानना है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ेगी। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2031 तक यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या करीब 7 करोड़ हो जाएगी। यह मौजूदा संख्या से करीब तीन गुना होगी।

### शहरों के साथ गांवों के विकास पर फोकस कर रही सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरों के साथ गांवों के विकास पर फोकस किया है। सरकार ने गांवों में शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं और रोजगार के साधन मुहैया कराकर पलायन रोकने का प्रयास किया है। यूपी वर्ष 2022 में पांच शहरों में मेट्रो रेल सेवा देने वाला राज्य बना है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17 लाख 50 हजार आवासों का निर्माण हुआ। इतने बड़े पैमाने पर पीएम आवास का निर्माण कराने वाला यूपी देश का अव्वल राज्य बन गया है। इसके अलावा दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी बेघरों के लिए आश्रय गृह निर्माण के लिए 245 करोड़ रुपये की 148 योजनाएं भी इसी साल स्वीकृत हुई हैं। आने वाले दिनों में शहरी क्षेत्रों में आवास की समस्या का काफी हद तक समाधान होने की संभावना है।

## जल जीवन मिशन को मिल रही शानदार सफलता: स्वतंत्र देव

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी में 25 फीसदी ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ जल पहुँचाने की बड़ीउपलब्धि पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ है योजना के कुशल मार्गदर्शन के लिये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव से लेकर यिूपीले स्तर तक टीम भावना के रूप में सबने काम किया है जो लगातार सकारात्मक

**उपलब्धि**

- » 31 दिसंबर को एक दिन में दिए 42 हजार ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन
- » पुरस्कृत होंगे बेहतर काम करने वाले कर्मी-जलशक्ति मंत्री

परिणाम के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने बेहतरीन काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किये जाने की कार्ययोजना भी विभाग से तैयार करने के लिये कहा है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में जल जीवन




मिशन को यूपी में शानदा सफलता मिल रही है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने 25 फीसदी नल कनेक्शन देने के साथ है 31 दिसंबर को एक दिन में देश भर में सर्वाधिक 42218 नल कनेक्शन दिए हैं।

## विधानसभा गेट नंबर टी पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू

**संवाददाता**

**लखनऊ।** नए साल के पहले दिन आज रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन के गेट नंबर 03 पर शॉट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की चिंगारियों की चमक से अफरातफरी मच गई। रविवार सुबह लखनऊ स्थित यूपी विधानसभा भवन के गेट पर शॉर्ट सर्किट से आग की चिंगारियां उठने लगीं।यह देखकर वहां मौज लोगों के बीच भगदड़ मच गई। सुरक्षा के लिए गेट पर तैनात जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां पहुंची। दमकलकर्मियों ने सबसे पहले इलेक्ट्रिक बायरों को काट दिया और पानी की बौछारों से आग को शांत किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस दौरान हताहत की खबर नहीं है। नए साल का पहला दिन और रविवार अवकाश होने की वजह से विधानसभा भवन में राजनेता और अन्य लोगों की संख्या न के बराबर थी। जिस दौरान ये आगजनी की घटना हुई अगर उस दौरान विधानसभा में बैठकों का दौर चल रहा होता बड़ा नुकसान हो सकता था। गनीमत रही कि आगजनी की घटना एग्जिट गेट नंबर 3 पर हुई। अगर यह आग विधानसभा भवन के अंदर होती तो भी बड़ा नुकसान हो सकता था।

## लाभार्थी के घर पर पहुंचाया जाएगा पुष्टाहार

**हरदोई।** जिले में अब कुपोषित बच्चों के लिए पुष्टाहार उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन दिया जाएगा। ये व्यवस्था आज से शुरू होकर 15 जनवरी तक निरंतर चलती रहेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया है कि 1 जनवरी से 15 जनवरी 2023 तक शीत कालीन अवकाश के दौरान, जनपद की सभी शिक्षण संस्था बन्द रहेंगी। विद्यालयों में अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी हो रहा है। इसलिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अनुमति से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित होने वाले 3 से 06 वर्ष के लाभार्थी बच्चों को भी शीत कालीन सत्र में कड़ाके की ठंड एवं शीत लहर से बचाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी 01 जनवरी से दिनांक 15 जनवरी तक का अवकाश घोषित किया जाता है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं और वहां ठंड से बचाव के कोई साधन उपलब्ध नहीं है। अवकाश अवधि में सभी आंगनबाड़ी केन्द्र खुले रहेंगे तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण एवं सामुदायिक गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

## मांसपेशी संबंधी दिक्कत होने के बावजूद कांग्रेस नेता ने भारत जोड़ो यात्रा रखा जारी

**संवाददाता**

**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत के पहले सप्ताह में ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेता शाहनवाज मंगल आजमी को मांसपेशी संबंधी दिक्कत हो गयी थी, लेकिन पत्नी से फोन पर हुई बातचीत ने उन्हें यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सचिव आजमी ने बातचीत में कहा ''मांसपेशी संबंधी दिक्कत के बाद मेरे पैरों में भी तकलीफहो गई जिसके बाद मैंने अपनी पत्नी को उसकी राय जानने के लिए फोन किया। मुझे लगा कि वह मेरी स्थिति के प्रति सहानुभूति रखेंगी। हालांकि उनका जवाब दो टूक था, यात्रा पूरी होने तक

**बातचीत**

- » उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सचिव आजमी ने बातचीत में कहा ''मांसपेशी संबंधी दिक्कत के बाद मेरे पैरों में भी तकलीफ हो गई

घर वापस मत आना। हालांकि यह मेरे लिए एक झटके की तरह था लेकिन उनकी (पत्नी) प्रतिक्रिया ने कठिनाइयों के बावजूद मेरे संकल्प को मजबूत किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि गौर करने वाली बात यह थी कि उनकी पत्नी शुरू में भारत जोड़ो यात्रा में उनके शामिल होने के विरोध में थीं और उनकी दलील थी कि उनके यात्रा में जाने से उनका कारोबार और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने कहा, ''यहां तक कि यात्रा में शामिल होने से रोकने के लिए उसने आंसू भी बहाए लेकिन अंततः मैं उन्हें मनाने में सफल हुआ और वह मान गयीं। लखनऊ निवासी कांग्रेस नेता आजमी उन भारत यात्रियों में से एक हैं जो कन्याकुमारी-से-कश्मीर तक यात्रा की पूरी दूरी तय करेंगे। उत्तर प्रदेश से 16 अन्ध्य व्यक्ति भी इस यात्रा में शामिल हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा पिछले वर्ष सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई और अब तक 10 राज्यों से गुजरते हुए 2800 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुकी है। यह यात्रा इसी महीने कश्मीर में समाप्त होगी। इस समय यात्रा पर विराम है और यह तीन जनवरी को फिर शुरू होगी। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक भारत जोड़ो यात्रा आगामी तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी के रास्ते उत्तर प्रदेश में दाखिल होगी और लगभग 120 किलोमीटर का फासला तय करते हुए पांच जनवरी को हरियाणा के लिए निकल जाएगी। कांग्रेस से मिली जानकारी के मुताबिक यात्रा तीन जनवरी को दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में स्थित हनुमान मंदिर से चलेगी और दोपहर में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दाखिल होगी।

## मां से मिलने आये व्यक्ति की बेटे ने की हत्या, पूरे दिन शव के साथ रहा परिवार

**संवाददाता**

**लखनऊ।** वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र के घुरिपुर गांव में एक अधेड़ की हत्या का मामला सामने आया। हत्या के बाद शव को पूरे दिन घर में ही छिपाकर रखा गया। घर की महिला ने इस घटना को लेकर प्रधान को सूचना दी और मौके पर पहुंची सारनाथ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी की निशानदेही पर बरामद शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी सारनाथ अमित कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक प्रथम दृष्टया प्रकाश सोनी की हत्या आशनाई की वजह से हुई है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। गांव की ही रहने वाली मुन्नी देवी के पति किशुन का निधन काफी पहले हो गया था। मुन्नी के यहां मोहनसराय के प्रकाश सोनी का आनाजाना बीते करीब 5 सालों से था। यह बात मुन्नी के बेटे कृष्णा को गवांरा नहीं थी। घटना वाले दिन भी प्रकाश मुन्नी के घर पर आया था। घर पर ही मुर्गा और शराब की पार्टी हुई। शराब पीने के दौरान ही कृष्णा का विवाद हो गया, मारपीट होने लगी। कृष्णा ने गुस्से में आकर प्रकाश के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। रॉड से वार किए जाने के बाद प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई।

### शान गर्ग ने सर्वाधिक अंक के साथ जीती सीसीबीडब्ल्यू जूनियर शतरंज चौंपियनशिप

**लखनऊ।** सेंट फ्रांसिस कॉलेज के शान गर्ग ने रविवार को सीसीबीडब्ल्यू (शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट) जूनियर शतरंज चौंपियनशिप की ट्राफी सर्वाधिक 6 अंक अंक जुटाते हुए अपने नाम कर ली। सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ के ऑफिस में रविवार को आयोजित इस चौंपियनशिप में शान गर्ग ने अपने सभी 6 गेम जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। अचिंत्य वत्स ने शानदार खेल दिखाया लेकिन अर्जुन गर्ग और शान से हार के चलते अचिंत्य चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. वानी गुप्ता का तबादला

### प्रतापगढ़ के प्रिंसिपल देश दीपक तिवारी को मिला चार्ज

**हरदोई।** जिले में मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ वानी गुप्ता का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर प्रतापगढ़ के प्रिंसिपल डॉक्टर देश दीपक तिवारी को चार्ज दिया गया है। डॉक्टर वानी गुप्ता अपने सख्त लहजे को लेकर चर्चा में आई थी। मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की व्यवस्था को उन्होंने सुधार दिया था, लेकिन उनके सख्त लहजे को यहां का मेडिकल डिपार्टमेंट हजम नहीं कर पाया। जिसकी वजह से आए दिन उनकी कार्य शैली पर सवाल उठ रहे थे। जिसके बाद शासन ने उनका तबादला कर दिया। हाल ही में सीएमएस और प्रिंसिपल के बीच विवाद में वह सुर्खियों में छा गई थी। जबसे उन्होंने मेडिकल कॉलेज की कमान संभाली है तब से वह विवादों में थी। डॉक्टर वानी गुप्ता ने अस्पताल में फैले भ्रष्टाचार के मकड़जाल को खत्म करने का सार्थक प्रयास किया था।

## होमगार्ड की बेटी की हत्या, घर से 100 मीटर की दूरी पर मिला शव, रेप की आशंका

**संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में एक होमगार्ड की 14 साल की बेटी की हत्या कर दी गई। नाबालिग का शव घर से 100 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में मिला है। नाबालिग अपने घर से किसी काम के लिए निकली थी। जब बहुत देर तक वो घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी उनको बेटी का शव मिलने की जानकारी मिली। यह भी कहा जा रहा है, नाबालिग का रेप करके उसकी हत्या की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच

**घटना**

- » नाबालिग अपने घर से किसी काम के लिए निकली थी
- » देर तक वो घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की

शुरू कर दी है। बताया जा रहा है, बच्ची के शरीर पर चोट के हल्के निशान हैं। उसके गले पर भी घाव है। मामला बीकेटी क्षेत्र का है। बच्ची का शव रविवार सुबह 10 बजे के करीब मिला है। मामले में बच्ची के पिता का कहना है, उसकी बेटी सुबह घर से शौच



क्रिया के लिए निकली थी। उसने 10 मिनट में घर वापस आने की बात कही थी लेकिन करीब 20 मिनट तक वो घर वापस नहीं आई। घर पर हम लोग उसका इंतजार कर रहे थे। बहुत देर होने पर हम लोग उसकी तलाश के लिए निकले। गांव के लोगों को भी उसकी तलाश करने के लिए कहा। करीब 15 मिनट बाद एक गांव वाले ने बताया, तुम्हारी बेटी का शव झाड़ियों में पड़ा हुआ है। हम लोग मौके पर पहुंचे तो बेटी का शव सामने पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर थोड़े चोट के निशान थे। गले के पास रगड़ का निशान दिख रहा था। हम लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी तो वो डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची।

मेरी बेटी को मारने वाले लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। हमारी तो किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है फिर पता नहीं कौन मेरी बेटी को मार गया। वहीं शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। गांव के लोग पुलिस की कार्रवाई से नाराज थे। उनका कहना था, इतना बड़ा अपराध होने के बाद भी पुलिस इतनी देर में आई। विवाद ज्यादा बढ़ने पर डीसीपी आबिद कासिम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बहुत मुश्किल से उन लोगों ने सभी को शांत करवाया। मामले में डीसीपी ने बताया, परिवार की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम होने के बाद रेप हुआ कि नहीं इसका खुलासा होगा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला हत्या का लग रहा है। जो भी आरोपी होगा जल्द ही हम उसको गिरफ्तार कर लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में आईएएस अफसर भूल रहे अपनी परंपरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौकरशाहों ने हर साल यूपी आईएएस एसोसिएशन सप्ताह और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित करने की परंपरा लगभग छोड़ दी है। 2020 के बाद से एजीएम का कोई आयोजन नहीं हुआ है। आम तौर पर दिसंबर में आयोजित एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक, नौकरशाही हलकों में एक बहुप्रतीक्षित घटना रही है। आईएएस सप्ताह में कैडर के विभिन्न बैच आपस में मिलते थे और अधिकारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भाईचारे को बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री और राज्यपाल के साथ बातचीत से विधायिका और कार्यपालिका के बीच तनाव कम हुआ। अधिकारी भी थोड़ा आत्मनिरीक्षण करते थे और कैडर की बेहतरी की मांग रखते थे। आईएएस सप्ताह में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी भी हिस्सा लेते थे। ऐसा लगता है कि एसोसिएशन 2013 के अपने स्वयं के संकल्प को भूल गया है कि संगठन नियमित रूप से अपनी वार्षिक बैठक आयोजित करेगा। इस परंपरा को पहली बार 2007-2012 में बंद किया गया था, जब मायावती मुख्यमंत्री थीं। एसोसिएशन इन पांच वर्षों के दौरान अपना वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करने में विफल रहा। लेकिन 2013 में संकल्प के बाद, एसोसिएशन 2014, 2015, 2016, 2017 और 2019 में आईएएस सप्ताह और एजीएम आयोजित करने में सक्षम था। महामारी के दौरान परंपरा बाधित हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 2020 में एसोसिएशन प्रतिबद्धता का पालन करने में सक्षम नहीं था। हमारे अधिकारी पिछले दो वर्षों में कोविड के प्रसार की जांच में व्यस्त रहे। एसोसिएशन ने भले ही 2020 में कोविड के कारण कार्यक्रम आयोजित करने से परहेज किया हो, लेकिन अब इसे बहाने के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। एक अन्य अधिकारी ने कहा, बैचों की पदोन्नति, प्रतिनियुक्ति और यहां तक कि अधिक्रमण से संबंधित मुद्दे हैं, इन मुद्दों पर गहन चर्चा करने की आवश्यकता है और वार्षिक आम बैठक इस अवसर की पेशकश करती है।एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने कहा, वार्षिक आयोजन कैडर के भीतर के बंधन को मजबूत करता है और, जाहिर है, राजनीतिक आका ऐसा नहीं होने देना चाहते। हमारे कुछ अधिकारियों में स्टैंड लेने की हिम्मत नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि युवा अधिकारी एसोसिएशन की ताकत को कभी नहीं जान पाएंगे, क्योंकि यह कार्यपालिका का एक अवशेषी अंग बनकर रह गया है।

### यूपी में 24 घंटे में 2 नए कोरोना मरीज,कोविड एक्टिव केस हुए 49

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा हैं। रविवार सुबह आई रिपोर्ट में 2 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इस दौरान 3 मरीज रिकवर भी हुए। फिलहाल प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 49 हैं। वही गौतमबुद्ध नगर में कोरोना संक्रमितों के मिलने का सिलसिला जारी हैं। दोनों ही संक्रमित गौतमबुद्धनगर के हैं। प्रदेशभर में 43 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। बाकी को अस्पतालों में भर्ती किया गया हैं। दिसंबर 2022 में राज्य में कुल 103 कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं। शनिवार को प्रदेश भर में 24 हजार 531 जांच की गई हैं। पॉजिटिव आए दोनों मरीजों की निजी पैथोलॉजी में जांच कराई गई हैं। इसके अलावा बाकी के मरीजों की जांच सैंपल नेगेटिव रहे। यूपी में फिलहाल कोरोना संक्रमण के 49 एक्टिव केस हैं। फिलहाल सबसे ज्यादा मामलें मेरठ में हैं। यहां 7 एक्टिव केस हैं। वही गौतमबुद्ध नगर और कुशीनगर में 6-6 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा अम्बेडकर नगर और गोरखपुर में 4-4 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा अमरोहा, लखनऊ और महाराजगंज में 3-3 सक्रिय मरीज हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच नए साल के जश्न में कोविड प्रोटोकॉल की बंदिशें पीछे छूटती नजर आई। दुनिया के तमाम देशों में कोविड केसों में तेजी आने के बाद से राज्य में भी तमाम एक्सपर्ट्स ज्यादा अलर्ट रहने की बात कह रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा सतर्क रहने की बात कही जा रही हैं। जिन मरीजों को पहले से ही गंभीर रोग हैं उन्हें भी ज्यादा एहतियात बरतना होगा। भीड़ भाड़ वाली जगह से बचने के अलावा मास्क के प्रयोग से संक्रमण से बचा जा सकता हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि कोरोना से मुकाबले की तैयारियों पूरी हैं। राजधानी के अस्पतालों में लगभग 3 हजार 872 बेड वर्किंग हैं। इसमें आईसोलेशन से लेकर वेंटिलेटर तक की सुविधा है।

### नेपाल से आए हाथियों ने मचाया तांडव,12 बीघा गन्ना, गेंहू आदि की फसलों को किया तहस-नहस

**बहराइच।** जिले के कतर्नियाघाट के जंगल में नेपाली हाथियों ने दस्तक दे दी है। जंगल रास्तों व जंगल के सटे गांवों में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है, जबकि ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। ताजा मामला कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा व जंगल से सटे आम्बा गांव का है। जहां बीती रात करीब 12 बजे जंगल से निकलकर गेरुआ नदी पार कर दर्जनों जंगली हाथियों का झुंड गांव में घुस गया। तारों की फेंसिंग को तोड़ते हुए हाथियों ने फसलों को खाना शुरू कर दिया। हाथियों ने गांव में आधा दर्जन किसानों की फसलों को तहस-नहस किया है। जिसमें गांव निवासी राम किशन पुत्र छोटेलाल के 3 बीघा गेहूं, शत्रोहन पुत्र काली प्रसाद के 1 बीघा गन्ना, पाल सिंह पुत्र नारायन सिंह के 1 बीघा गेंहू, आशाराम पुत्र चोकट के 5 बीघा गेंहू, ओम प्रकाश पुत्र छोटेलाल के 1 बीघा गेंहू व राम बहादुर के 1 बीघा लाही के फसल को हाथियों चट कर अपनी भूख मिटाई है। वहीं गेरुआ के समीप स्थित गन्ना कांटा पर हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए फूंस के छप्पर, तखत व सड़क किनारे लगे शिलापट्ट को क्षतिग्रस्त कर दिया। डरे सहमे किसान अब बची हुई फसल काट रहे हैं। खेतों में घुसकर हाथियों द्वारा फसलों के नुकसान की आहट सुनकर जब कुछ किसान राम किशन, पाल सिंह और आशाराम खेत ओर पंहुचे और हाका लगाकर हाथियों की भगाने का प्रयास किया तो हाथियों ने उन्हें दौड़ा लिया। जिसपर किसानों ने भागकर किसी तरह जान बचाई। घटना की सूचना ग्राम प्रधान इकरार अंसारी ने वन विभाग को दी है। प्रधान ने बताया कि पीड़ित किसानों की ओर से मुआवजा हेतु प्रार्थना पत्र तैयार कर के रेंज कार्यलय रेंजर को सौंपा गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से वन्य जीवों से फसलों व मानव सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### जेल में कैदी की मौत,हत्या के मामले में 8 महीने से था बंद

**सुलतानपुर।** जिला जेल में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब हत्या के मामले में बंद एक कैदी की मौत हो गई। कैदी की मौत से जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। जवाबदेही से बचने के लिए जेल अधीक्षक ने सरकारी नंबर ही बंद कर रखा है। मिली जानकारी के अनुसार हत्यारोपी सूफियान (28) पुत्र सलीम करीब आठ माह से जिला कारागार में बंद था। रविवार तड़के उसकी हालत बिगड़ गई तो उसे आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर आने लगे कि उसने दम तोड़ दिया था। जेल के सिपाही सूफियान को अस्पताल लेकर पहुंचे, तो यहां डॉक्टर ने उसे ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। मृतक सूफियान के चचेरे भाई रिजवान का आरोप है कि उसके भाई की तबियत खराब थी। जेल प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने पहले से कोई सूचना नहीं दिया। रात में उसकी तबियत बिगड़ी तब भी कोई सूचना नहीं दिया गया। आज जब उसकी मौत हो गई तो सूचना दी गई है। फिलहाल कैदी की मौत संदेह के घेरे में है और कोई भी जुबान खोलने को तैयार नहीं है। जेल अधीक्षक आचार्य उमेश प्रताप सिंह बंदी को हार्ड अटैक जैसा पड़ा था। जिस पर जिला कारागार से जिला अस्पताल के लिए भेजा गया था। रास्ते में उसकी मौत हो गई है।

### मजलिस संपन्न,वसीका अरबिक कॉलेज के प्रिंसिपल बोले-दूसरे का हक मारने वाला नहीं है इंसान, घाटे में हैं बेईमान

**सुलतानपुर।** शहर के खैराबाद मोहल्ले में इम्तियाज अली के इसाले सवाब के लिये मजलिस का आयोजन किया गया। इसे संबोधित करने के वसीका अरबिक कॉलेज अयोध्या के प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद मोहसिन पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में इंसान और इंसानियत पर विस्तार से चर्चा किया।

# 4600 हेल्थ एटीएम का होगा संचालन

## स्मार्ट और हाईटेक टेक्नोलॉजी बेस एजुकेशन का मास्टर प्लान तैयार, हर जिलें में शुरु होंगे मेडिकल कॉलेज

**परिवर्तन**

- चिकित्सा, कानून व्यवस्था, पर्यटन, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट पर खासा फोकस किया गया
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत कर विकास की नई इबारत लिखी जाएगी




**संवाददाता**

**लखनऊ।** साल 2023 में यूपी नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा हैं। मेडिकल और एजुकेशन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के अपार अवसर हैं। योगी सरकार इस साल विभिन्न सेक्टर में तमाम ऐसे कार्य शुरू करने का दावा कर रही हैं। इसमें चिकित्सा, कानून व्यवस्था, पर्यटन, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट पर खासा फोकस किया गया हैं।नई टेक्नोलॉजी से शिक्षा के क्षेत्र में बड़े परिवर्तन देखने को मिलेंगे। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत कर विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और स्मार्ट बनाने पर नये वर्ष में जोर दिया जाएगा। इसके तहत बेसिक, जूनियर और माध्यमिक स्तर पर जहां स्मार्ट क्लास के जरिए बच्चों को शिक्षा दी जाएगी, वहीं हर विद्यालय को दो-दो टैबलेट दिए जाएंगे। इतना ही नहीं नये साल से टीचर्स के साथ बच्चों की फेस रीडिंग के जरिए हाजिरी लगाई जाएगी। इसके साथ ही 77 टेक्ट बुक क्यू.आर.कोड पर उपलब्ध होंगी और टीचर्स को सिलेब्स का पॉकेट चार्ट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के सरल एप के माध्यम से निपुण असेसमेंट टेस्ट कराए जाएंगे। साथ ही प्रदेश स्तर पर निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। वहीं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को और पारदर्शी करने के लिए प्रश्नपत्र लेकर जाने वाले वाहन को जीपीएस से लैस किया जाएगा। इसका रूट भी तय किया जाएगा। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए योगी सरकार इस वर्ष प्रदेश सभी 4600 वेलनेस सेंटर पर हेल्थ एटीएम की सौगात देने जा रही है। इसके साथ ही सभी हेल्थ एटीएम पर लोगों की सहायता के लिए एक्सपर्ट कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को भी तेज कर दिया गया है। इसके शुरू होने से मरीज को (60) जांच की सुविधा मिल सकेगी। इतना ही नहीं हेल्थ एटीएम के साथ ही टेलीकंसल्टेशन की सुविधा भी स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने लगेगी। साथ ही प्रदेश के सभी पीएचसी और सीएचसी को एसजीपीजीआई से जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को छोटी मोटी समस्या के लिए मेडिकल कॉलेज की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। वहीं इस वर्ष प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। इस दिशा में युद्ध स्तर पर काम चल रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एजेंडे में प्रदेश की कानून व्यवस्था शुरू से ही प्रमुखता पर रही है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में पिछले साढ़े पांच वर्षों में कानून का राज पूरी तरह से स्थापित हुआ है और अपराध की घटनाओं में काफी गिरावट दर्ज की गई है। नये साल पर अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के साथ प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस ड्रोन की खरीदारी के लिए बजट जारी कर दिया गया है। एडीजी लॉजिस्टिक ने बताया कि अब तक हाईटेक टेक्नोलॉजी के 159 ड्रोन को खरीदा जा चुका है, जिसमें से हर जिले को एक-एक ड्रोन दिये जा चुके हैं। वहीं 84 और ड्रोन नये साल पर जिलों को सौंपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले को दो ड्रोन दिये जा रहे हैं। वहीं नये साल पर करीब दो हजार बॉडी वार्न कैमरे खरीदे जाएंगे, जिसकी अनुमति मिल चुकी है। इसके साथ ही नये साल पर प्रदेश के सभी थानों को पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस कर दिया जाएगा। इसके साथ ही जेल में बंदियों पर कड़ी निगरानी के लिए तीन हजार हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। यह सीसीसीटी प्रदेश की तीस जेलों में लगाए जा रहे हैं। इससे बंदियों की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से ही हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के गांवों में विकास को नई गति देने तथा वहां की समस्या को वहीं पर दूर करने के लिए जनवरी से ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारीज ने अलौकिक तरीके से मनाया नया वर्ष

## परमपिता परमात्मा शिव ने बताया है की खुशी हमारे दिव्य गुणों पर निर्भर करती है

**शुरुआत**

- सभी को अपने जीवन में एक दिव्य गुण धारण करने तथा किसी एक बुराई का त्याग करते का संकल्प दिलाया गया



**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की लखनऊ स्थित स्थानीय शाखा गणेशगंज, खुरशेदबाग फाटक के निकट, विश्व कल्याण भवन में आज नव वर्ष की शुरुआत अलौकिक तरीके से की गई। इस अवसर पर आज सभी को अपने जीवन में एक दिव्य गुण धारण करने तथा किसी एक बुराई का त्याग करते का संकल्प दिलाया गया। संस्था की स्थानीय प्रबंधिका तथा वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका इंदिरा दीदी ने कहा कि दुनिया वालों का नया साल मनाने का तरीका दिनों दिन विकृत होता जा रहा है। लोग शराब पीते, अल्पकालीन खुशी के लिए बाहर जाते, नाचते गाते, हुडदंग करते। किंतु हमें परमपिता परमात्मा शिव ने बताया है की खुशी हमारे दिव्य गुणों पर निर्भर करती है। जब हम जीवन में 7 गुण धारण कर लेते हैं तो हमारा जीवन सतोगुणी और खुशहाल बन जाता है। उन्होंने वर्ष 2023 में परमात्मा की याद के साथ जीवन में एक-एक कर 7 गुणों (ज्ञान,पवित्रता, शांति, खुशी, प्रेम, आनंद और शक्ति) को अपनाने का आवाहन किया, ताकि हमारा पारिवारिक जीवन भी श्रेष्ठ बने और यह भारत भी दिव्य गुणों से संपन्न, खुशहाल और स्वर्णिम बने। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि संस्था के 145 देशों के सभी सेवा केंद्र जनवरी माह को विशेष तपस्या मास के रूप में मना रहे हैं। तपस्या मास में संस्था की स्थानीय शाखा ने अपने अनुयायियों को एक दिव्य गुण को दर्शाने वाला ताज पहनाया और सभी से संकल्प कराया की वह इस ताज में लिखे हुए गुण को जीवन में धारण करें। संस्था की प्रबंधिका ने यह भी बताया गया कि विश्व कल्याणी भवन में एक माह के लिए अखंड योग तपस्या का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सुबह से लेकर रात तक संस्था के भाई बहन अपने कल्याण के साथ सारे विश्व में शांति के लिए निरंतर योग मेडिटेशन करेंगे। संस्था के वरिष्ठ भाई बद्री विशाल तिवारी ने सभी से अनुरोध किया कि वह अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें क्योंकि शब्दों का प्रभाव व्यक्ति के जीवन तथा वायुमंडल में दीर्घकाल तक रहता है इसलिए आवश्यक है कि वाणी प्रेम पूर्ण हो। जहां प्रेम होता है वहां शांति होती है, खुशहाली होती है। उन्होंने प्रकृति, पशु पक्षियों, जीव जंतुओं सहित सभी से प्रेम करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सारे ज्ञान का सार प्रेम है। जहां प्रेम नहीं वहां ईश्वर का वास नहीं हो सकता। इसलिए हमें हर हाल में प्रेम पूर्ण व्यवहार करना है और सबसे पहले अपने घर को स्वर्ग बनाना है। कार्यक्रम के अन्त में परमात्मा शिव को भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया।

# श्री खाटू श्याम मंदिर पर श्री श्याम नव वर्ष महोत्सव धूम

- 'श्री खाटू श्याम मन्दिर में लाखो भक्तों ने किया दर्शन'

**संवाददाता**

**लखनऊ।** रविवार, गोमती तट स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर मंदिर श्री श्याम परिवार के बैनर तले श्री श्याम नववर्ष महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास आयोजित हुआ महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम नववर्ष महोत्सव कार्यक्रम का आगाज सुबह पांच बजे से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि बारह बजे तक भक्तों के दर्शन के लिए कपाट खुले रहें जिसमे लाखो भक्तों ने बाबा को मोरछड़ी, चूरमा, लडडू प्रसाद का भोग अर्पण किया नव वर्ष के अवसर पर बाबा का भव्य अलौकित श्रृंगार देशी विदेश फूलो से श्री खाटू श्याम बाबा के दर्शन मनमोहित कर रहे थे।इसके साथ ही श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों के सुप्रसिद्ध गायक नानपारा कुमार सानू ने कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊगा..., आ गया खाटू वाला...,बाबा तेरा उपकार है.... जयपुर सुनील शर्मा ने भजन बोलो बोलो प्रेमियों...., दीवाने मुझको लेकर चल खाटू...., वाराणसी कृष्णा दधीच ने भजन दुनिया से हारा...., एक आश तुमारी है....., लखनऊ पवन मिश्रा ने हरे के सहारे आजा...., हाजरी लिखवाता हू....., रानया याशना, शिवांगी पाठक, मंजू यादव, रोहित शर्मा बाबा के चरणों में भजनों की हाजिरी लगायी। श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, महामंत्री रुपेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल,सुधीर गर्ग, विजय अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अनिल गुप्ता,महावीर अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल, पंकज मिश्रा,जीतू, मनोज शर्मा,अंचित टंडन, अतुल अग्रवाल,हिमांशु अग्रवाल, खन्नू, अरविन्द अग्रवाल, गणेश प्रसाद अग्रवाल, राधे श्याम अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अतुल, श्री श्याम नववर्ष महोत्सव पर आने वाले सभी भक्तों को दर्शन कराने के साथ प्रसाद वितरित करेंगे।

### नव वर्ष पर डीएम व एसपी पहुंचे वृद्धाश्रम, कम्बल वितरण कर लिया आशीर्वाद

**उपलब्ध**

- वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की

**बहराइच।** नव वर्ष पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम अमीनपुर नगरौर का भ्रमण किया। वहां पर निवासित 71 वृद्धजनों को कम्बल व बिस्किट का वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वृद्धाश्रम में मौजूद सभी वृद्धजनों का कुशल क्षेम पूछा तथा ठंड के दृष्टिगत वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों को समय से नाश्ता, खाना, दवा, वस्त्र इत्यादि के साथ-साथ अनुमन्य अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। डीएम ने कहा कि बुजुर्ग का आशीर्वाद जीवन में बहुत काम आता है। बहुत कम लोगों को मां बाप का सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है हम लोग अपने आपको बहुत सौभाग्यशाली समझते हैं कि यहां आकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का मौका मिलता है। डीएम ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# सराफा कारोबारी की हत्या करके लूट

**शिनाख्त**

- आईआईएम रोड पर मिला शव, 13 किलो चांदी और कैश गायब



**संवाददाता**

**लखनऊ।** दुबग्गा के आईआईएम रोड सीतापुर बाईपास पर कूड़े के ढेर में रविवार सुबह सराफ व्यापारी जितेंद्र वर्मा 40 वर्ष का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर देर से पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड से शिनाख्त करते हुए घर वालों को जानकारी दी। भाई का कहना है कि जितेंद्र के पास करीब 13 किलो चांदी, कुछ सोने के आभूषण और 80 से 85 हजार रुपए कैश थे, जोकि गायब हैं। उन्होंने लूट के बाद हत्या की आशंका जताई है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि पड़ताल की जा रही है। सआदतगंज के दर्जी की बगिया निवासी जितेंद्र करीब पांच साल से बाराबंकी के फतेहपुर स्थित ससुराल में रहकर सोने चांदी का काम कर रहे थे। वह लखनऊ और कानपुर की सर्राफा मार्केट में तैयार आभूषण सप्लाई करते थे। बालागंज निवासी भतीजे आकाश के मुताबिक, 30 दिसंबर को फतेहपुर से कानपुर की मार्केट करने के बाद वह घर आए। उनके पास जेवर और नकदी मौजूद थीं। रात में रुकने के बाद वह सुबह करीब10.30 बजे वह आभूषण से भरा बैग लेकर फतेहपुर के लिए निकल गए। उसके बाद से उनका फोन नही उठा। भाई अनूप वर्मा ने बताया कि उनके सिर के पिछले हिस्से में काफी खून निकल कर सूख चुका था। शरीर पर भी चोट के निशान मौजूद है। जेवर से भरा बैग, मोबाइल और पर्स गायब है। घर वालो ने बताया रविवार दोपहर तक मोबाइल पर बेल जाती रही। जितेन्द्र के परिवार में पत्नी नीतू, बेटी, बेटे कृष्णा है। वह कृष्णा के नाम से कारोबार करते थे। नीतू ने जितेन्द्र से संपर्क करने के लिए कई बार फोन किया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। रात करीब 12 बजे कॉल रिसीव हुई, पहले एक महिला बोली फिर किसी शख्स ने रांग नंबर कह कर कॉल काट दी। रविवार को पति की हत्या की खब्बर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# फरवरी से सड़क पर संघर्ष करेगी एएनएम

**अनदेखी**

- मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघर्ष समिति गठित

**संवाददाता**

**लखनऊ।** लालकुआ स्थित एक होटल में आयोजित एक आम सभा में उपस्थित प्रदेश की हजारों स्वास्थ कार्यकर्ता महिला ने एएनएम की जायज मांगों की पूर्ति न होने तथा इस संवर्ग के नाम से बने तमाम संगठनों की सुस्ती, संवर्ग की अनदेखी से परेशान और नाराज होकर नव वर्ष पर मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन किया है। आम सभा की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह एवं संचालन शीला कपूर ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से रूपधारा बिजनौर को समिति का प्रदेश अध्यक्ष, मधुबाला प्रयागराज उपाध्यक्ष, मंजू तिवारी उपाध्यक्ष, मृणालनी महामंत्री, उर्मिला भट्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शीला कपूर को सम्प्रेक्षक चुना गया। आमसभा में चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की हजारों हजार महिला स्वास्थ कार्यकर्ता अपनी जायज मांगों के निस्तारण का इंतजार कर रही है।कई संगठन महिला स्वास्थ कार्यकर्ता के नाम से बने हुए है लेकिन कई वर्षों से इस संवर्ग की जायज मांगों पर कोई विचार नही किया जा रहा है। नई कार्यकारिणी के गठन के उपरान्त प्रदेश स्तर पर मण्डलीय एवं जनपदीय कार्यकारिणी का गठन 15 जनवरी तक कराये जाने का निर्णय आम सभा में लिया गया। मण्डलीय एवं जनपदीय कार्यकारिणी के गठन के उपरान्त एक राज्य स्तरीय बैठक राजधानी में आयोजित कर फरवरी के पहले सप्ताह से मांगों की प्रतिपूर्ति के लिए सड़क पर उतरने का निर्णय आमसभा में लिया गया। आमसभा की अध्यक्षता कर रहे परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि उनका पूरा सहयोग समिति के साथ रहेगा। 2800 ग्रेड पे, महिला एवं पुरूष स्वास्थ कार्यकर्ता की अलग-अलग सेवानियमावली, समयबद्ध पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली और पीएचएम की बहाली मुख्य है।

### बर्फबारी से तराई क्षेत्र में बढ़ी ठंड, छाया घना कोहरा

**बहराइच।** जिले में रविवार सुबह घना कोहरा छा गया। दृष्यता कम होने की वजह से वाहनों के रफ्तार पर ब्रेक लग गया। ठंड से निजात के लिए लोगों ने अलाव व हीटर का सहारा लिया। मौसम वैज्ञानिकों ने ऐसे ही मौसम आगामी 24 घंटे तक रहने की संभावना जताई है। शिमला व कश्मीर के पहाड़ों पर बर्फबारी लगातार हो रही है। इसके चलते तराई के मैदानी इलाकों में भी ठंड बरकरार है। रविवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। लोग घरों में दुबके रहे। बहुत ही जरूरी होने पर लोग घर से बाहर निकले। घर के बुजुर्ग द्वार पर अलाव संेकते नजर आए। मौसम पर्यवेक्षक ने बताया कि न्यूनतम पारा 6.5 सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। एक डिग्री न्यूनतम पारा और लुढ़क सकता है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. केके वर्मा ने बताया कि लगातार मौसम में हो रहे बदलाव का सीधा असर बच्चों पर पड़ सकता है। ऐसे में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं और कोहरे में बिल्कुल न खेलने दे।

## राजाजीपुरम में स्थित जयपुरिया स्कूल के पास नव वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया

# मदद सहयोग गाइडेंस ने नए वर्ष पर गरीब बच्चों में बांटी खुशियां

**आयोजन**

- आज के इस नव वर्ष के कार्यक्रम का संचालन आलम रिजवी ने किया
- आज साल के इस पहले दिन को समाज के गरीब बच्चों के साथ मना रहे

**संवाददाता**

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा राजाजीपुरम में स्थित जयपुरिया स्कूल के पास नव वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया। आज के इस नव वर्ष के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रज्ञा मिश्रा जी और बतौर अतिथि भरत यादव (जर्नलिस्ट), शबनम रिजवी (प्रिंसिपल कल्बे आबिद मेमोरियल स्कूल), वकार हुसैन (जर्नलिस्ट), मोहम्मद सरोश, एच. एस. द्विवेदी और रमजान उपस्थित रहे। आज के इस नव वर्ष के कार्यक्रम का संचालन आलम रिजवी ने किया। प्रज्ञा मिश्रा ने नव वर्ष के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सबसे पहले सभी लोगों को नव वर्ष की बधाई दिया और कहा कि हमें खुशी है इस बात की कि हम आज साल के इस पहले दिन को समाज के गरीब बच्चों के साथ मना रहे हैं। उन्होंने फाउंडेशन का भी शुक्रिया अदा किया कि नववर्ष के इस कार्यक्रम को फाउंडेशन ने इस तरह से गरीब बच्चों के साथ मनाया उसके लिए उन्होंने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिकने बच्चों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। फाउंडेशन के अध्यक्ष एस. एम हैदर रिजवी (आलम रिजवी) ने भी बच्चों को नववर्ष की बधाई देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा यह जा रहे कार्यों की सराहना की। एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से बच्चों को किताबें कॉपी , पेंसिल रबर एवं दालमोट बिस्किट और फल भी वितरित करके नव वर्ष का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में समाज के तमाम प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। इस आयोजन में सराहनीय कार्यों के लिए एमएसजी फाउंडेशन ने वकार हुसैन, शबनम नकवी प्रिंसिपल कल्बे आबिद मेमोरियल स्कूल, वाहबुद्दीन सिद्दीकी को सम्मानित भी किया गया। एमएसजी फाउंडेशन की तरफसे एमएसजी फाउंडेशन संस्थापक मोहम्मद सदिक फाउंडेशन के अध्यक्ष एस एम हैदर रिजवी (आलम रिजवी), अतहर हुसैन, इमरान अली, साहिल मिर्जा, सै. तकी, मोहम्मद औन, इमरान काजमी, मुस्कान, वसी मिर्जा मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## आंदोलनों के परिणाम अच्छे नहीं रहें

मानव इतिहास में ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जब अधिक शक्तिशाली समूहों ने अपने ही देश के लोगों को गुलाम बनाया, उनका शोषण किया, लेकिन इतिहास में अपने वर्चस्व के खिलाफ शानदार संघर्षों के प्रेरणादायी उदाहरण भी मिलते रहे हैं। जबरदस्त आंदोलनों के बाद बड़े-बड़े तानाशाहों को सिंहासन छोड़कर भागना पड़ा, लेकिन कभी-कभी जन आंदोलनों के परिणाम अच्छे नहीं रहे। इसका सबसे बड़ा कारण जनक्रांति के बाद सामने आए नेतृत्व की कमजोरियां ही रहीं। म्यांमार में भी ऐसा ही हुआ। म्यांमार की अदालत ने भ्रष्टाचार के आरोप में अपदस्थ नेता आंग सान सू की को सात साल की जेल की सजा सुनाई है। नोबल पुरस्कार विजेता सू की को हेलीकाप्टर किराए पर लेने और उसका रखरखाव से संबंधित भ्रष्टाचार के पांच मामलों में जेल में डाल दिया था। कुल मिलाकर उन्हें 33 वर्ष जेल में बिताने होंगे। उन्हें कई अन्य अपराधों के लिए भी पहले ही 26 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। सात साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी पार्टी नैशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी का अस्तित्व ही खतरे में आ गया है। यह विडम्बना ही रही कि सू की को म्यांमार में दशकों तक सैन्य शासन के खिलाफ अपने लम्बे संघर्ष के दौरान 15 वर्षों से भी ज्यादा जेल काटनी पड़ी थी और आज भी वह जेल में ही अपना जीवन बिता रही हैं। आंग सान सू की ने जिस तरह म्यांमार में लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी वह दुनिया के सामने एक मिसाल बनकर सामने आई। उन्हें सन् 1991 में शांति का नोबल पुरस्कार भी मिला। वह बीते कई दशकों से म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ संघर्ष करती रही हैं। उनके पिता को फादर ऑफ द नेशन कहा जाता था। उन्होंने भी सन् 1947 में ब्रिटेन से बर्मा की आजादी की मांग की थी। उसी साल उनकी हत्या कर दी गई थी। आंग सान सू की को उनकी मां ने पाला है। सू की ने सन् 1964 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से ही ग्रेजुएशन की थी। इसके बाद वह ऑक्सफोर्ड पढ़ने चली गईं। उन्होंने 3 साल तक यूनाइटेड नेशंस के लिए भी काम किया। उनके दो बच्चे हैं। सन् 2015 में आंग सान सू की के प्रयासों से ही म्यांमार में 25 साल में पहली बार चुनाव हुए थे। आंग सान सू की पार्टी नैशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी ने जीत हासिल कर सत्ता सम्भाली। लोकतांत्रिक संकट की शुरूआत 2020 में हुई जब सू की की पार्टी ने जबरदस्त जीत हासिल की। म्यांमार में पिछले कई दशकों से चले आ रहे तानाशाही शासन के चलते वहां की सेना एक राजनीतिक ताकत बनी रही लेकिन आम चुनावों में उसके राजनीतिक समर्थकों का सफाया हो गया, क्योंकि म्यांमार की सेना के हाथ से ताकत लगातार फिसलती जा रही थी तो सैन्य बलों ने दीवार पर लिखी इबारत को पढ़ लिया और अपनी सत्ता बचाने केघ् लिए कदम उठाने का फैसला किया।

## सर्दी का सितम

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों समेत पश्चिमोत्तर भारत के व्यापक हिस्से में तापमान में गिरावट की वजह से ठंड काफी बढ़ गई है। ये इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। खासतौर पर दिल्ली के कुछ इलाकों में इस बार तापमान चार और पांच डिग्री के आसपास तक चला गया, जबकि ऐसी आशंका कुछ पहाड़ी इलाकों में होने को लेकर जताई जाती रही है। ज्यादा मुश्किल इसलिए पेश आ रही है कि कई राज्यों में बेहद कम तापमान के बीच कोहरे की समस्या खड़ी हो गई है, जिससे सड़कों पर वाहनों से लेकर रेल गाड़ियों की रफ्तार भी बहुत धीमी हो गई है।

समझा जा सकता है कि ऐसी स्थिति में रोजमर्रा की जिंदगी में लोगों को किस तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा होगा। ऐसे में बचाव ही एकमात्र उपाय होता है, जिसे जहां सुविधा संपन्न लोग अपने स्तर पर सुनिश्चित करते हैं, तो बड़ा तबका ऐसा भी है जो ठंड की मार के बीच सरकार की ओर से किए जाने वाले बचाव के इंतजामों की उम्मीद करता है या फिर किसी तरह अपनी जिंदगी काटता है। ऐसे में दिल्ली और अन्य शहरों में रैन बसेरे सहित ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अन्य उपाय सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

यह छिपा नहीं है कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली के रैन बसेरे व्यवस्थागत कोताही या बदइंतजामों की वजह से कई बार केवल दिखावे का ठौर बन कर रह जाते हैं। जबकि जमा देने वाली ठंड से जूझते जरूरतमंद लोगों को थोड़ी राहत देने के लिए उचित इंतजाम करना सरकार की जवाबदेही भी है। अभी जाड़े के मौसम की मार एक तरह से बढ़नी शुरू ही हुई है, जो अगले कुछ हफ्ते तक बनी रह सकती है। इसलिए दिल्ली सहित ठंड से बुरी तरह प्रभावित सभी राज्यों और इलाकों में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए सरकारी स्तर पर भी उचित प्रबंध किए जाने चाहिए। इसके अलावा, पिछले करीब तीन सालों के दौरान कोरोना विषाणु से उपजी महामारी ने जो हालात पैदा किए थे, उसके मद्देनजर इस बार आशंका यह जताई जा रही है कि तापमान के इतना नीचे गिरने को लेकर सावधानी नहीं बरती गई तो आम लोगों की सेहत के सामने कई जोखिम पैदा हो सकते हैं। दरअसल, जाड़े के मौसम में रक्तचाप सहित कई तरह की दिक्कतें बढ़ जाने को स्वाभाविक माना जाता रहा है, लेकिन इस बार कोरोना विषाणु से संक्रमित होकर बाहर आ चुके होने के बावजूद ऐसे लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। यों भी इस मौसम में बहुत सारे लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार जैसी मुश्किलें पेश आती रही हैं, लेकिन अब इन्हीं स्थितियों में संक्रमण के स्वरूप को पहले की तरह सहज भाव से लेना खतरे से खाली नहीं रह गया गया है।

# मील का पत्थर बनेगी जी 20 की मेजबानी

**कोरोना** काल के बीच असंतुलित वैश्विक परिदृश्य में अगर विकसत भारत की स्थिति देखी जाए तो काफी हद तक अनावश्यक समस्याओं से जूझने में भारत सक्षम दिख रहा है। महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को अगर दरकिनार कर देखा जाए तो आज भारत डिजीटल की दुनिया में विनिर्माण का केन्द्र बनता जा रहा है। ऐसे में अगर हम बात करे कि भारत को 2023 में जी 20 की मेजबानी का अवसर मिला है। तो यह देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वैसे भी केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024 तक अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है। अर्थव्यवस्था की क्षमता के अनुसार यह लक्ष्य प्राप्त करना अधिक मुश्किल नहीं है, किंतु भारत की मौजूदा स्थिति कई समस्याओं का सामना कर रही हैं जिसमें मुख्य चुनौती आर्थिक क्षेत्र से आ रही है, साथ ही अन्य समस्याएँ भी हैं जिन्हें दूर करना भी जरूरी है। हालाँकि सरकार ने बजट एवं अपनी नीतियों के माध्यम से इस दिशा में प्रयास भी आरंभ किये हैं। शिक्षा की गुणवत्ता, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, महिलाओं की स्थिति, कुपोषण, जातिगत भेदभाव, गरीबी जैसे भी कई जरूरी मुद्दे हैं जिनको संबोधित करना आवश्यक है। उपर्युक्त समस्याओं को दूर करके

**महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को अगर दरकिनार कर देखा जाए तो आज भारत डिजीटल की दुनिया में विनिर्माण का केन्द्र बनता जा रहा है। ऐसे में अगर हम बात करे कि भारत को 2023 में जी 20 की मेजबानी का अवसर मिला है। तो यह देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वैसे भी केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024 तक अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है। अर्थव्यवस्था की क्षमता के अनुसार यह लक्ष्य प्राप्त करना अधिक मुश्किल नहीं है, किंतु भारत की मौजूदा स्थिति कई समस्याओं का सामना कर रही हैं जिसमें मुख्य चुनौती आर्थिक क्षेत्र से आ रही है, साथ ही अन्य समस्याएँ भी हैं जिन्हें दूर करना भी जरूरी है।**

ही भारत में समावेश के आदर्श तक पहुँचा जा सकता है। यह ध्यान देने योग्य है कि आपूर्ति पक्ष को कितना भी मजबूत कर लिया जाए, ये तब तक अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान नहीं दे सकता जब तक कि मांग पक्ष कमजोर हो। सामाजिक ढाँचे को सर्वसमावेशी बनाकर ही मांग पक्ष को मजबूत किया जा सकता है अतः सरकार को न सिर्फ आपूर्ति पक्ष बल्कि मांग पक्ष अथवा सामाजिक कल्याण पर भी ध्यान देना होगा। सरकार की सबके लिये आवास योजना, किसान सम्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना, मनरेगा योजना आदि कार्यक्रम सरकार के इस ओर प्रयासों को भी इंगित करते हैं।समस्याओं की अनदेखी करने अथवा उन्हें टालने की प्रवृत्ति से वे और अधिक बढ़ने के साथ जटिल भी होती हैं। यह आशा की जानी चाहिए इस नए वर्ष में इस प्रवृत्ति से छुटकारा मिलेगा और समस्याओं के तात्कालिक और साथ ही दीर्घकालिक समाधान खोजने के नए एवं प्रभावी तौर-तरीके विकसित किए जाएंगे। इन्हें शासन और प्रशासन, दोनों की ओर से विकसित करना होगा। जब ऐसा हो जाए तो फिर आम जनता को उनके अनुरूप अपने आचार-व्यवहार को बदलना होगा। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि विभिन्न समस्याओं के समाधान की आवश्यकता तो खूब जताई जाती है, क्योंकि तथ्य यह भी है कि इसे लेकर असहमति का वातावरण बनता रहता है कि किसी समस्या का समाधान किस तरीके से किया जाना है? इसके चलते समस्याएं वर्षों तक समाधान की प्रतीक्षा करती रहती हैं। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि इस नए वर्ष में समस्याओं का मिलकर समाधान करने को लेकर सहमति बने और फिर वह एक साझा एजेंडे का रूप ले। आने वाले कल को सुनहरा बनाने का यही सर्वोत्तम उपाय है। वैसे तो हर नया वर्ष न केवल उम्मीदें लेकर आता है, बल्कि चुनौतियां भी। नई चुनौतियों में कुछ पुरानी चुनौतियां भी जुड़ जाती हैं। आने वाले कल को बीते हुए कल से बेहतर करने के लिए यह आवश्यक है कि हमारे नीति नियंता नई-पुरानी चुनौतियों से प्राथमिकता के आधार पर पार पाने का संकल्प लें। हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि सबने यह ठाना था कि देश को आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन इस अभीष्ट की पूर्ति नहीं हो सकी तो इसीलिए, क्योंकि उन तरीकों पर सहमति नहीं बन सकी, जिन पर अमल किया जाना था।कम से कम इस नए वर्ष में तो देश को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाने की न केवल ठोस रूपरेखा बने, बल्कि उस पर पूरी गंभीरता के साथ अमल भी हो। ऐसा ही कुछ अन्य अनेक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए भी करना होगा। भारत को केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बनना, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कद को भी बढ़ाना है और विश्व



को राह भी दिखानी है। इसमें सफलता तब मिलेगी, जब हम एक राष्ट्र के रूप में देशवासियों के साथ विश्व समुदाय की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरेंगे। आज भारत विकास के मार्ग पर एक यात्रा पर अग्रसर है। भारत के लिए अगले साल में क्या कुछ होने वाला है, इस सवाल पर विचार इससे भी जुड़ा है कि हम भारत के लिए क्या चाहते हैं और उभरती परिस्थितियों में क्या कुछ संभव है? इस सिलसिले में यह भी याद रखना जरूरी है कि आज की दुनिया में परस्पर निर्भरता एक अनिवार्य नियति बनती जा रही है। हम सबने देखा कि चीन के वुहान से निकले कोरोना वायरस ने विश्व को एक ऐसी महामारी की चपेट में ले लिया, जिससे लाखों लोगों के जीवन की हानि हुई और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। ऐसे ही यूक्रेन और रूस के बीच चल रहा युद्ध प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पूरे संसार में आर्थिक कठिनाई बढ़ा रहा है। इस बीच भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहल की और उसकी साख में वृद्धि हुई। सुरक्षा परिषद और जी-20 समूह की अध्यक्षता के साथ भारत की वैश्विक उपस्थिति निश्चित ही फलदायी होगी। पड़ोसी देशों के हालात संतोषजनक नहीं है और बहुत जल्द सुधार की आशा भी नहीं दिखती। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में आर्थिक संकट गहराते दिख रहे हैं। चीन का रुख भी सहयोग की जगह मुश्किलें पैदा करने वाला ही है। पड़ोसी देशों की यह स्थिति भारत के लिए सजग और सतर्क राजनय और सामरिक तत्पारता की जरूरत को रेखांकित करती है।भारत का आधुनिक लोकतंत्र 75 सालों की यात्रा के बाद अब अंग्रेजी राज के उपनिवेश की विकट छाया से मुक्ति की कोशिश में लगा है। उसकी आहट शिक्षा की संरचना, विषयवस्तु और प्रक्रिया में बदलाव में दिखने लगी है। परिवर्तन की अस्त-व्यस्तताओं के साथ शैक्षिक ढांचे को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए राज्यों और केंद्र में कई स्तरों पर गहन तैयारी की जरूरत है। शैक्षिक-मूल्यांकन, शैक्षिक-संरचना आदि के मोर्चों पर आगे बढ़ने के लिए आर्थिक निवेश जरूरी होगा, ताकि आवश्यक अवसंरचना स्थापित और संचालित हो सके।

# लोकतंत्र के मर्यादा मार्ग पर कदमताल की वेला

**अभी** हाल ही में हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में जो शायराना मंजर सामने आया, उसने लोकतंत्र के मुरीदों में जहां सुखद अहसास पैदा किया वहीं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मर्यादा की सीमाओं में रहकर व्यवहार करने के हमारे पूर्वजों के उच्च मूल्यों की एक मिसाल भी पेश की। अवाम के तमाम जरूरी मुद्दों पर बहस हुई। एक तरफ सरकार के मुखिया मनोहरलाल खट्टर मोर्चा संभाले हुए थे तो दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के सीनियर लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा। एक बार तो ऐसा लगा कि विधानसभा ही शायराना मिजाज की हो गई है। फिर चला सिलसिला हल्के-फुल्के अंदाज में शे'र-ओ-शायरी का। हल्के-फुल्के माहौल में शायराना अंदाज में खूब तंज भी कसे गये मगर जुबां में तल्खी न थी। मुद्दे जरूरी थे, अंदाज सलीकेदार थे मगर कड़वाहट न थी। ऐसे में सवाल ये पैदा हुआ कि देश की दूसरी विधानसभाओं और संसद में जनता के नुमाइंदों में ऐसी सोच क्यों नजर नहीं आती। क्या जरूरी है कि ऊंची आवाज में ही बात कही जाये? जरूरी है कि हर बात में तल्खी नजर आए? नये साल की नई सुबह खुशनुमा अहसासों की उम्मीद जगाती आई है। यह बात भी पक्की है कि साल तो आते जाते रहते हैं। फिर नये सवाल सामने आते हैं और उनसे जूझना हमारी नियति होती है। बीत गया साल भी ऐसे कई सवाल छोड़ गया है, जिनके जवाब आने अभी बाकी हैं। हम दुनिया की सबसे बड़ी

**शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में जो शायराना मंजर सामने आया, उसने लोकतंत्र के मुरीदों में जहां सुखद अहसास पैदा किया वहीं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मर्यादा की सीमाओं में रहकर व्यवहार करने के हमारे पूर्वजों के उच्च मूल्यों की एक मिसाल भी पेश की। अवाम के तमाम जरूरी मुद्दों पर बहस हुई। एक तरफ सरकार के मुखिया मनोहरलाल खट्टर मोर्चा संभाले हुए थे तो दूसरी तरफपूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के सीनियर लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा। एक बार तो ऐसा लगा कि विधानसभा ही शायराना मिजाज की हो गई है। फिर चला सिलसिला हल्के-फुल्के अंदाज में शे'र-ओ-शायरी का। हल्के-फुल्के माहौल में शायराना अंदाज में खूब तंज भी कसे गये मगर जुबां में तल्खी न थी।**

जम्हूरियत हैं। इसके साथ ही सबसे बड़ा सवाल हमारे सामने आता है कि क्या हमारे नुमाइंदे इस बड़े लोकतंत्र के हिसाब से आचार व्यवहार करते हैं? क्या उनकी कथनी और करनी एक जैसी है? उनमें ऐसे गुण हैं कि हम अपने बच्चों से कह सकें कि तुम बड़े होकर फलां नेता जैसा बनना? यहां राजनीति में लगातार बढ़ रहे दागी




लीडरों की संख्या का सवाल नहीं है। सवाल आम जनता के बीच से होकर गुजरता है। जब मुल्क आजाद हुआ तब कहीं भी ऐसे हालात न थे। अच्छे बुरे नेता हर दौर में होते हैं। आजादी के बाद के कुछ सालों तक तो स्वतंत्रता आंदोलन की कोख से पैदा हुए लीडरों ने सामाजिक जिंदगी में तमाम तरह की मिसालें पेश की थीं। मगर धीरे-धीरे मर्यादा में गिरावट का दौर तेजी पकड़ता रहा, जो अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश की संसद से लेकर विधानसभाओं में विधायकों में मारपीट के तमाम किस्से बार-बार सामने आते रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सपा व भाजपा के विधायकों की मारपीट के कई किस्से हम सबने सुने हैं। पिछले साल मार्च में बंगाल विधानसभा में भी विधायकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। वहां बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के विधायकों में जमकर मारपीट हुई थी, जिसके बाद पांच विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया था। ऐसी ही कई घटनाएं बिहार विधानसभा में भी हुईं। सवाल ये है कि अवाम के नुमाइंदे उनकी तरक्की और भलाई के लिये चुने जाते हैं तो लड़ाई झगड़ा किस लिये? लीडरों का यही आचरण जनता का भरोसा खोने की वजहबनता है। सही बात तो ये है कि देश की राजनीति आज इतनी बदरंग हो गई है कि जनता उसे भरोसे के काबिल नहीं समझती। एक समय था जब राजनीति में उसूलों को तरजीह दी जाती थी। एक बार संसद में पंडित नेहरू ने अपनी गलती का अहसास होने पर जनसंघ नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी से माफी मांगी थी। अटल बिहारी वाजपेयी देश के हाजिर-जवाब और बेबाक लीडर थे। विपक्ष में रहते हुए वे सरकार की नीतियों पर तीखे हमले बोलते थे। एक मौके पर पंडित नेहरू ने किसी से पूछा, ये तेजतर्रार लड़का कौन है? ये विपक्ष में क्या कर रहा है, हमारे साथ क्यों नहीं है? ऐसे ही जब पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार एक वोट से गिरी तो उन्होंने जोड़तोड़ से सरकार बनाने की बजाय नये सिरे से चुनाव में जाने का मन बनाया। ऐसा ही वाकया नरसिम्हा राव की सरकार के दौर में हुआ जब कश्मीर के मुद्दे पर भारत की बात को जोरदार ढंग से रखने के लिये अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भेजा गया। वहीं इससे पहले जब वर्ष 1971 में भारत ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में बदलावकारी भूमिका निभाई तो कुछ विपक्षी लीडरों ने इंदिरा गांधी के फैसले की आलोचना की। तब अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा की संज्ञा देकर जिम्मेदार विपक्ष की मिसाल पेश की थी। ऐसे ही 1962 के युद्ध में जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सैनिकों के लिये मददगार भूमिका निभाई तो पंडित नेहरू ने उनकी सराहना की थी। भारत की राजनीति में पहले ऐसे तमाम वाकये हुए हैं जब बड़े नेताओं ने बड़प्पन दिखाया। दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में लीडरों ने अपनी साख को खोया है। उसकी वजह उनकी कथनी और करनी में फर्क होना है। वे अच्छे

# आलेख

## जरूरत है, चरित्र शिक्षा की जिम्मेदार नागरिक होने के लिए

**नैतिकता** के बिना शिक्षा बिना दिशासूचक जहाज की तरह है, जो कहीं भटक रहा है। एकाग्रता की शक्ति होना ही काफी नहीं है, बल्कि हमारे पास योग्य उद्देश्य होने चाहिए जिन पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। सत्य को जानना ही काफी नहीं है, बल्कि हमें सत्य से प्रेम करना चाहिए और उसके लिए त्याग करना चाहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना शिक्षित या धनवान है, यदि उसके अंतर्निहित चरित्र या व्यक्तित्व में नैतिकता का अभाव है। वास्तव में ऐसे व्यक्तित्व शांतिपूर्ण समाज के लिए खतरा हो सकते हैं। उदाहरणरू मुसोलिनी, हिटलर सभी नैतिकता से रहित शिक्षा के उदाहरण हैं जो मानव जाति को उनके विनाश की ओर ले जा रही है। समकालीन समय में यह समान रूप से प्रासंगिक है। ÷एक बुरा चरित्र एक पंचर टायर की तरह हैय जब तक आप इसे बदल नहीं लेते तब तक आप कहीं नहीं जा सकते। शिक्षा एक बच्चे के एक पूर्ण वयस्क बनने के कायापलट को बढ़ावा देती है। मूल्यों के प्रचार और विकास के बिना मात्र सीखना शिक्षा की परिभाषा को भी खारिज कर देता है। मूल्यों और सिद्धांतों की शिक्षा आत्मा को आकार देती है और ढालती है

सभी छात्रों के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना किसी भी स्कूल के उद्देश्य का मूल है, और वे जो कुछ भी करते हैं, उससे बहुत कुछ पता चलता है। चरित्र शिक्षा कोई नई चीज नहीं है, जिसका विस्तार अरस्तू के काम तक होता है। फिर भी यह तर्क दिया जा सकता है कि हाल के वर्षों में स्कूलों में सफलता की खोज ने गाड़ी को घोड़े के आगे रखने की कोशिश की है। परीक्षा ग्रेड और विश्वविद्यालय स्थानों के संदर्भ में छात्रों को

**सत्य को जानना ही काफी नहीं है, बल्कि हमें सत्य से प्रेम करना चाहिए और उसके लिए त्याग करना चाहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना शिक्षित या धनवान है, यदि उसके अंतर्निहित चरित्र या व्यक्तित्व में नैतिकता का अभाव है। वास्तव में ऐसे व्यक्तित्व शांतिपूर्ण समाज के लिए खतरा हो सकते हैं। उदाहरणरू मुसोलिनी, हिटलर सभी नैतिकता से रहित शिक्षा के उदाहरण हैं जो मानव जाति को उनके विनाश की ओर ले जा रही है।**

केवल सफलता के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करने में, दबाव बनाया जाता है जो अक्सर छात्रों की भलाई और शैक्षणिक प्रगति के प्रति सहज ज्ञान युक्त हो सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना शिक्षित या धनवान है, यदि उसके अंतर्निहित चरित्र या व्यक्तित्व में नैतिकता का अभाव है। वास्तव में ऐसे व्यक्तित्व शांतिपूर्ण समाज के लिए खतरा हो सकते हैं। उदाहरणरू मुसोलिनी, हिटलर सभी नैतिकता से रहित शिक्षा के उदाहरण हैं जो मानव जाति को उनके विनाश की ओर ले जा रही है। समकालीन समय में यह समान रूप से प्रासंगिक है। उदाहरण के लिए, दहेज लेने वाला एक शिक्षित व्यक्ति लैंगिक समानता और लैंगिक न्याय के लिए मौत का मंत्र होगा। इस प्रकार, मूल्यों के बिना शिक्षा, जैसा कि लगता है, एक आदमी को एक चतुर शैतान बनाता है। चरित्र शिक्षा एक राष्ट्रीय आंदोलन है जो ऐसे स्कूलों का निर्माण करता है जो सार्वभौमिक मूल्यों पर जोर देकर नैतिक, जिम्मेदार और देखभाल करने वाले युवाओं को मॉडलिंग और अच्छे चरित्र की शिक्षा देते हैं जो हम सभी साझा करते हैं। यह स्कूलों, जिलों और राज्यों द्वारा अपने छात्रों में देखभाल, ईमानदारी, निष्पक्षता, जिम्मेदारी और स्वयं और दूसरों के लिए सम्मान जैसे महत्वपूर्ण मूल नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए जानबूझकर, सक्रिय प्रयास है। अच्छा चरित्र अपने आप नहीं बनताय यह समय के साथ शिक्षण, उदाहरण, सीखने और अभ्यास की एक सतत प्रक्रिया के माध्यम से विकसित होता है।

आज देश में देखने में आ रहा है कि छोटी-छोटी बातों पर जब लोग धरना-प्रदर्शन करने निकलते हैं तो राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। बसें

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

**बृषभः-** अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में स्वयं के अनुकूल अपेक्षाएं नहीं रखें। माता के स्वास्य के प्रति कुछ अनूठी चिंताएं रहेंगी। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होती नजर आएंगी।

**मिथुनः-** भविष्य संबंधित कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं किंतु कुछ अच्छे आसारों से मन में प्रसन्नता संभव। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार हैं। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**कर्कः-** बीती बातों को भूल वर्तमान के साथ जीना सीखें। भौतिक-सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं मन को प्रसन्न रखेंगी। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

**सिंहः-** घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु केंद्रित होंगे। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। मन में कुछ नयी इच्छाएं बलवती होंगी। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**कन्याः-** भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बनने का प्रयास करें। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। परिवार में खुशहाली भरा माहौल होगा।

**तुलाः-** दुविधाओं को त्याग सही एवं स्वच्छ योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें। भावना प्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है। भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंतण्ररखें।

**वृश्चिकः-** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। बिद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनुः-** दूसरों की सफलता को देख अपने अंदर हीनता न आने दे। बाहर वालों को समय देने से अच्छा है कि घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। आलस्य बिल्कुल न करें।

**मकरः-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु सक्षम होंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन-व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। किसी पुराने संबंधी से निकटता बढ़ेगी।

**मीनः-** राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। नई सकारात्म सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे। परिवार में खुशहाली रहेगी।




## आज का सुविचार



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में 3 किसानों की मौत

**उरई/जलौन।** जालौन में नये वर्ष के दिन दर्दनाक हादसा हो गया। यहां घने कोहरे के कारण मटर बेचकर लौट रहे किसानों का ट्रैक्टर खंती में पलट गया। हादसे में 3 किसानों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना कदौरा थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव के पास की है। कुआंखेड़ा गांव के किसान भूरे (50) पुत्र राम नारायण पाल, प्रताप सिंह (58) पुत्र कृपाल और लोकेंद्र (48) पुत्र कमलेश शनिवार को हरी मटर बेचने ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोलहूपुर गए थे। देर रात 12 बजे तीनों घर लौट रहे थे। घना कोहरा होने के कारण गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर तीनों किसानों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी रविवार सुबह हुई जब ग्रामीण घूमने के लिए निकले। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के नीचे तीन लोगों को दबा देख पुलिस को सूचना दी। साथ ही सभी को ट्रैक्टर हटाकर बाहर निकाला और कदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।कदौरा थाना प्रभारी निरीक्षक उमाकांत ओझा का कहना है कि घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ है। सभी लोग मटर बेचकर वापस लौट रहे थे। कोहरा होने के कारण उन्हें सड़क नहीं दिखाई दी और ट्रैक्टर पलट गया, जिस कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### रोडवेज की बसे गंदी और जर्जर मिलने पर होगी कार्रवाई,अधिकारी से लेकर ड्राइवर तक भरेंगे जुर्माना

**बस्ती।** रोडवेज बसें गंदी व जर्जर पाए जाने पर अधिकारियों से लेकर ड्राइवर व उसकी ड्यूटी लगाने वाले बाबू तक से जुर्माना वसूल किया जाएगा। नए साल के पहले दिन से ही यह नियम लागू कर दिया गया है। इस निर्देश के बाद बस्ती डिपो में सभी बसों की हालत सुधारी जा रही है। रोडवेज बसों की दयनीय हालत में अभी तक सुधार नहीं हो पा रहा है। इसके पीछे जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर वर्कशॉप के कारीगर, क्लर्क व ड्राइवर भी जिम्मेदार रहते हैं। इस परंपरा को सुधारने के लिए निगम मुख्यालय ने सख्ती दिखाते हुए सर्कुलर जारी किया है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार की ओर से जारी निर्देश के अनुसार औचक निरीक्षण के दौरान जांच टीम निगम व अनुबंधित बसों की बॉडी कंडीशन, रिफ्लेक्टिव टेप, पेंट, डेस्टिनेशन बोर्ड, अगली व पिछली विंड शील्ड, खिड़कियों के शीशे, बाहरी साफ-सफाई, फर्श की स्थिति, सीटों की दशा, छत की दशा, हैटरेस्ट, लगेज रैक, विशिष्ट जनों की सीट मार्किंग, फायर एक्सटिंग्यूशर समेत 14 बिंदुओं पर जांच करेगी। अनुबंधित बस की जांच के दौरान पहली बार खराब स्थिति पाए जाने पर बस स्वामी से 100, दूसरी बार 500, तीसरी बार 1000, उसके बाद 2000 रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा। ड्यूटी क्लर्क व एआरएम से पहली बार 50-50, दूसरी बार 100-100, तीसरी बार 200-200 ,उसके बाद 500-500 रुपए बतौर जुर्माना वेतन से कटौती की जाएगी। निगम की बसों की हालत पहली बार गड़बड़ पाए जाने पर चालक से 10 , दूसरी बार 20, उसके बाद 40 रुपए जुर्माना लिया जाएगा। ग्रुप इचार्ज, सीनियर फोरमैन, ड्यूटी क्लर्क, स्टेशन इंचार्ज से 25-25 रुपए, एआरएम-आरएम से 50-50 रुपए पेनॉल्टी वसूल की जाएगी। निर्देश दिया गया है कि अगर एआरएम जांच करेंगे, तो उनके नीचे के अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा और आरएम की जांच टीम एआरएम व निगम के उच्चस्तरीय नोडल अधिकारी की टीम आरएम पर जुर्माना लगा सकेगी। बस्ती डिपो के एआरएम आयुष भटनागर ने बताया कि जारी दिशा-निर्देश के अनुसार सभी बसों को वर्कशॉप में दुरुस्त करवाया जा रहा है। वहीं अनुबंधित बसों के स्वामियों को भी चेतावनी जारी कर दी गई है।

### रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर के नए सत्र के पदाधिकारी घोषित

**बस्ती।** रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर की विशेष सभा में सत्र 2023-24 की अध्यक्ष रोटेरियन प्रतिभा गोयल ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इनमें सचिव डॉ. शिव प्रकाश भारती, उपाध्यक्ष राम दयाल चौधरी, कोषाध्यक्ष रो.किशन कुमार गोयल, सार्जेंट एट आर्म्स अनमोल मोदी, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अफजल हुसैन के साथ ही अभिषेक त्रिपाठी, विनय मौर्या, सत्येन्द्र नाथ दुबे, धर्मेंद्र चौरसिया, डॉ आलोक रंजन वर्मा को निदेशक एवं राजेश्वरी देवी को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही सत्र 2024-25 के अध्यक्ष के रूप में रो. अशोक कुमार शुक्ला की घोषणा की गई। क्लब अध्यक्ष डॉ. वी के वर्मा ने कहा कि रोटरी सेवा का क्षेत्र है। इससे जुड़कर मानव कल्याण के अनेक कार्य किए जाते हैं। अध्यक्षता डॉ. वीके वर्मा ने की व संचालन चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन किशन कुमार गोयल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। अंत में प्रधानमंत्री की मां हीरा बा के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### संस्थागत प्रसव में सुधार लाने का सीएमओ ने दिया निर्देश

**बस्ती।** पीएचसी पर बैठक में पहुंचे सीएमओ आरपी मिश्रा ने कहा कि संस्थागत प्रसव, हेड काउंट सर्वे और ई कवच का प्रदर्शन बेहद खराब है। इसमें जल्द सुधार लाया जाए अन्यथा जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना सूचना बैठक में अनुपस्थित एएनएम माया का एक दिन का वेतन काटने और नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिला प्रोग्राम मैनेजर विजय कुमार ने कहा कि सभी एएनएम, आशा, सीएचओ, संगिनी एक-दूसरे का सहयोग करें। क्षेत्र के अजगैवाजंगल, पुरैना, औड़जंगल, आमरौली शुमाली उप स्वास्थ्य केंद्रों पर लंबित विभागीय कार्य दो दिन में पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद मिश्र, प्रदीप शुक्ल, अजय, राजकपूर चौधरी, सर्वजीत चौरसिया, मनोज कुमार, राधारमण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### बाघमित्रों को किट वितरण के साथ बाघ सुरक्षा माह समाप्त

**बहराइच।** बाघ सुरक्षा माह का समापन दिसम्बर माह के अंत में रविवार को किया गया। वन विभाग व डब्लू डब्ल्यू एफके द्वारा बाघ मित्रों को प्रदन्त किट वितरित किया गया। किट में बाघ मित्रों को टीशर्ट, कैप एंव टॉर्च वितरित किया गया। बाघ सुरक्षा माह पर समापन कार्यक्रम का आयोजन कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुर्तिहा रेंज में किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेंज कार्यलय परिसर में प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन बाघ मित्रों को किट वितरण किया गया। बाघ मित्रों से वार्ता करते हुए डीएफओ ने उन्हें मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने हेतु उन्हें विभाग द्वारा हर संसाधन मुहैया कराने की बात कही। डीएफओ ने बाघ मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बाघ मित्र ग्राम स्तर पर वन्य जीवों से जुड़ी तमाम सूचनाओं का आदान-प्रदान करें साथ ही ग्रामीणों को जागरुक करें कि कोई घटना न घटित हो। इस मौके पर मोतीपुर वन्य जीव वार्डन नम्रता पांडेय, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हशन, क्षेत्रीय वनाधिकारी मुर्तिहा अशोक कुमार त्यागी, क्षेत्रीय वनाधिकारी धर्मापुर लल्लन स्वरूप दीक्षित, क्षेत्रीय वनाधिकारी ककरहा रामकुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी मोतीपुर महेंद्र मौर्या समेत बाघ मित्रों व अन्य वन कर्मी मौजूद रहे।

### तीन घरों में लगी आग,आग लगने से तीन घरों की गृहस्थी राख

**बहराइच।** जिले के जूड़ा गांव में रविवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग बुझाने का प्रयास करते। तब तक लपटों ने तीन मकान को चपेट में ले लिया। तीनों मकानों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना तहसील को दी गई है। नानपारा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जूड़ा में जगराम के मकान में आग लग गई। जगराम के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े। सभी ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन लपटों ने पड़ोस के धर्मेंद्र और फूल देई देवी के मकान को आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट और हैंडपंप से पानी डाल कर आग बुझाया।

# छह माह के अंदर पूरे यूपी में हर जगह दिखेगी कांग्रेस : बृजलाल खाबरी

**प्रयास**

- पार्टी ने पिछले ढाई माह में ही काफी ग्रोथ किया
- प्रदेश कमेटी की नई टीम तैयार करने में अब बहुत समय नहीं लगेगा



**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का दावा है कि राज्य में कांग्रेस का जनाधार बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। पार्टी ने पिछले ढाई माह में ही काफी ग्रोथ किया है। आने वाले छह माह में हमारी पार्टी यूपी में हर जगह दिखेगी। एक विशेष वार्ता में ब्रजलाल खाबरी ने कहा कि प्रदेश कमेटी की नई टीम तैयार करने में अब बहुत समय नहीं लगेगा। टीम बनाने की प्रक्रिया बहुत पहले से चल रही है। बीच में निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई इस कारण टीम नहीं आ सकी। चुनाव आगे बढ़ेंगे तो भारत जोड़ो यात्रा के बाद हम टीम घोषित कर देंगे। नगर निकाय के चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी के सवाल पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारी इतनी बड़ी तैयारी है कि भाजपा घुटने के बल बैठ जाएगी। कांग्रेस पूरी दमदारी के साथ निकाय चुनाव लड़ेगी और नगर निगम व पालिका में अव्वल दिखाई देगी। अभी हाल में हुए उपचुनाव में बसपा की अनुपस्थिति में दलित वोट सपा की तरफ चला गया, जबकि कांग्रेस इस वोट बैंक को अपने पाले में लाने के प्रयास में थी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अधिकांश जाटव बिरादरी का वोट जब उसे कोई रास्ता नहीं मिला तो वह डालने ही नहीं गया। मेरी बहुत सारे लोगों से बात हुई है। आने वाले समय में जो भी चुनाव होंगे दलितों का वोट कांग्रेस के पाले में ही पूरी ताकत के साथ आयेगा। वर्तमान में यूपी कांग्रेस में कई क्षत्रप हैं चाहे नसीमुद्दीन और सलमान खुर्शीद हों अथवा अन्य कोई, इनके बीच पार्टी को कैसे आगे ले जायेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि यहां कोई क्षत्रप का मामला नहीं है अब जनता को लुटने से बचाना है। जनता जागरूक है इसलिए अब सब एकजुट होकर राहुल गांधी के साथ चल रहे हैं। पार्टी की गुटबाजी पर उन्होंने कहा कि जब भी आपसी मुद्दे टकराते हैं तो ऐसी बातें सामने आती हैं, लेकिन जब एक जगह बैठकर आपस में बात करते हैं तो सब खत्म हो जाता है। संवाद के माध्यम से सारे विवाद निपटाए जाते हैं। प्रियंका गांधी का विधानसभा चुनाव के बाद यूपी में नहीं आने पर उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद तमाम काम थे। हिमाचल का चुनाव भी उन्हें देखना था। इस कारण वह यहां नहीं आ सकी। उनके डायरेक्शन में यहां काम हो रहा है। संगठन को लेकर समय-समय पर संवाद होता रहता है। नीति और अभियान के बारे में एक बार वार्ता होती रहती है। भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस ने काफी जोर शोर से निकाल रही है लेकिन यूपी को महज तीन दिन मिला है, इस सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वैसे यूपी इस यात्रा में शामिल नहीं था। जो रूट बना था उसमें यूपी शामिल नहीं किया गया था, लेकिन बाद में प्रदेश संगठन के अनुरोध पर तीन दिन मिले हैं। हम दिखाना चाहते हैं कि अन्य राज्य की तरह यूपी भी पार्टी नेतृत्व के साथ कदम मिलाकर चलना चाहता है। यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस ने विपक्षी दल सपा, रालोद और बसपा को आमंत्रण दिया है, लेकिन अखिलेश और रालोद मना कर रहे हैं, ऐसे में विपक्ष एक कैसे होगा, इस पर उन्होंने कहा कि हमारा काम इस यात्रा के माध्यम से नफरत को खत्म कर भाईचारा कायम करना है। जब हम भारत जोड़ने निकले हैं तो जो भी रास्ते में मिले उससे नमस्ते करना है। पार्टी ने निर्णय लिया है कि इस यात्रा में समान विचारधारा के दल, डाक्टर, इंजीनियर, एनजीओ को साथ में चलने का आमंत्रण दिया जाए। संविधान बचाने के लिए जो साथ चलेगा उसका स्वागत है। यूपी से खाप पंचायतों ने यात्रा में शामिल होने की हामी भरी है। सपा बसपा के यात्रा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सपा को देख रहे हैं किस प्रकार की राजनीति हो रही है। बसपा भाजपा की गोद में बैठी है। मायावती अपने को मिटाने के लिए खुद ही पर्याप्त हैं। यह पूछने पर कि बसपा के एक सांसद ने तो दावा किया है कि मायावती भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी और वह गठबंधन से चुनाव लड़ने की भी बात कर रहे हैं। इस पर खाबरी ने कहा कि सासंद श्याम सुंदर यादव अब बसपा से स्वतंत्र हैं। अब कुछ भी बोल सकते हैं। इतना बड़ा निर्णय करवाना उनके बस में नहीं है। मायावती के साथ आने के कोई चांस नहीं है। सपा के साथ गठबंधन पर उन्होंने कहा कि एक बार राहुल गांधी और अखिलेश यादव साथ आ चुके हैं। आगे एक बार फिर नजदीक आ जाएं तो इसे नकारा नहीं जा सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में

## लूट के शिकार किसान के घर पहुंचे आईजी, एसपी को तीन दिन में खुलासे के दिए निर्देश

**उरई/जलौन।** जालौन में शुक्रवार रात बदमाशों ने घर में घुसकर किसान को घायल करते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पार कर दी थी, जिसकी गूंज झांसी तक जा पहुंची। मामले का संज्ञान लेते हुए आईजी जोगिंदर सिंह डकोर कोतवाली क्षेत्र के गोरन गांव पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। कहा कि घटना का तीन दिन में खुलासा करें।गोरन गांव निवासी किसान माधव राजपूत को बदमाशों ने पीट कर लहूलुहान कर दिया था। मामले के खुलासे के लिए एसपी रवि कुमार ने पुलिस की तीन टीमें गठित की थीं। इसी घटना का जायजा लेने के लिए आईजी जोगेंदर सिंह गोरन गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उनसे घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए एक-एक स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने एसपी से लेकर डकोर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस टीम को लगाया जाये। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही क्षेत्र में हो रही वारदातों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। वहीं उन्होंने कहा कि घटना का खुलासा 3 दिनों के अंदर कर दिया जाये। जिले में हो रही वारदातों को संज्ञान में लिया। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को लाइन का रास्ता दिखाने के निर्देश दिए। कहा कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाई जाये। इस दौरान एसपी रवि कुमार, एएसपी असीम चौधरी, सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी और कोतवाल उदयभान गौतम मौजूद रहे।

## घने कोहरे के साथ हुई नए साल की शुरुआत



**संवाददाता**

**लखनऊ।** नए साल की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। साल के पहले दिन अयोध्या 5.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ज्यादा ठंडा रहा। जबकि रात में न्यूनतम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लखनऊ में रविवार सुबह विजिबिलिटी 10 मीटर के करीब पहुंच गई। बीते 24 घंटे में प्रदेश के पांच जिलों का तापमान 10 डिग्री से कम रहा। मौसम विभाग ने ठंड को लेकर यूपी में अगले 3 दिनों तक 24 जिलों में येलो और 32 ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शनिवार को कोहरे के चलते 4 घंटे 30 मिनट की देरी से रियाद लखनऊ फ्लाइट उड़ान भरी। वहीं, कोहरे के कारण 10 घंटे देरी से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि नए साल के पहले सप्ताह में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। अगले दिन के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने के आसार हैं। जबकि न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और पीलीभीत शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, हापुड़, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में ठंड पड़ने की संभावना ज्यादा है। रविवार को इंदौर से राजधानी लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर सुबह 8 बजकर 40 मिनट पर इंडिगो एयर की उड़ान 3 घंटे की देरी से सुबह 11रू45 पहुंची। इसी तरह दुबई लखनऊ आने वाली फ्लाइट दुबई की उड़ान 1 घंटा 47 मिनट की देरी से 10 बजे के स्थान पर 11 बजे पहुंची।

## शिवपाल ने प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं

### कहा नव वर्ष आपके जीवन में सुख, समृद्धि,आरोग्य व शांति लाए

**संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक शिवपाल यादव ने प्रदेश वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि डा0 लोहिया कहा करते थे कि अगर सड़कें खामोश हो जाएं, तो संसद आवारा हो जाएगी। नव वर्ष में आमजन के शब्द, संकल्प व सामर्थ्य को नई शक्ति मिले। लोकतंत्र सड़कों पर कलरव करे और अन्याय के हर पक्ष के विरुद्ध उठ खड़ा हो। नव वर्ष सभी के लिये सुख, समृद्धि,आरोग्य व शांति लाए। शुभकामनाएं...वहीं उन्होंने अपने एक दूसरे ट्वीट में सपा संरक्षक रहे मुलायम सिंह यादव की



समाधि स्थल पर नमन करते हुए एक फोटो भी शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि नेताजी हमारी स्मृतियों में सदैव अमर रहें।

दरअसल, यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (प्रसपा) के प्रमुख शिवपाल यादव ने अखिलेश के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव के बाद ही चाचा और और भतीजे में कुछ दूरियां बन गई थी। कुछ समय बाद सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। इस दौरान अखिलेश और चाचा शिवपाल के बीच नजदीकियां बढ़ी। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में शिवपाल ने गिले-शिकवे भुलाकर अखिलेश की पत्नी और सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के पक्ष में जबरदस्त प्रचार किया था। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में आने वाले शिवपाल के जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में डिंपल को एक लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज की।

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

**बांदा।** पति से विवाद के बाद पत्नी ने जहर खा लिया। रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।गिरवां थाना क्षेत्र के तरखरी गांव निवासी मुन्नी देवी (40) पत्नी लोकेंद्र ने शनिवार को दोपहर पति से झगड़कर जहर खा लिया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उसकी देर शाम मौत हो गई। पिता कल्लू ने बताया कि 10 साल पहले उसकी शादी एटा जिले के नौखेरा गांव में लोकेंद्र के साथ हुई थी। करीब डेढ़ से पति से अनबन होने पर वह मायके में रह रही थी। चार दिन पहले उसका पति लोकेंद्र उसे लेने आया था। दोनों में विवाद चल रहा था। शनिवार को वह और मुन्नी की मां राजकुमारी खेत गए थे। भाई लक्कू बच्चे का इलाज कराने जानकीकुंड चित्रकूट गया था।

## सराफ की दुकान से टप्पेबाजी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**उरई/जलौन।** कुठौंद कस्बे में सराफकी दुकान से चार दिन पहले हुई टप्पेबाजी के मामले में थाना पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के जेवर व कार बरामद कर ली है। पकड़ी गई महिलाओं को पुलिस ने जेल भेज दिया है। कुठौंद थाना क्षेत्र के बरियापुर गांव निवासी सतेंद्र सिंह सेंगर की कस्बे में सराफ की दुकान है। 26 दिसंबर की दोपहर दुकान में पहुंची दो महिलाओं ने जेवर देखते समय कुछ जेवर चोरी कर लिए थे। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार को शक होने पर उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैंमरे की फुटेज देखी। जिसमें महिलाएं जेवर चोरी करते हुए कैंद हुई। सराफ ने इसकी रिपोर्ट कुठौंद थाना में दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ दर्ज कराई थी। पुलिस ने चोरी के मामले में इटावा जनपद के सहसों थाना क्षेत्र के रानीपुरा गांव निवासी लक्ष्मी देवी व पढ़ीन दरवाजा नई बस्ती औरेया निवासी वंशिका को पकड़कर उनके पास से चोरी की अंगूठी, एक जोड़ी टॉक्स व कार के साथ निजामपुरा अंडर पास के पास से पकड़ लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रिंकू चौधरी, बलराम शर्मा, सिपाही राहुल यादव, रोहित महिला सिपाही बबीता व संध्या रही।

## कदौरा ने माधौगढ़ को नौ रनों से हराया

**उरई/जलौन।** टीचर्स क्रिकेट लीग (टीसीएल) का फाइनल मैच आज माधौगढ़ मास्टर्स एवं कदौरा वरियर्स के बीच इंदिरा स्टेडियम के मैदान में खेला गया। जिसमें कदौरा ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी माधौगढ़ मास्टर्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 124 रन ही बना सकी। कदौरा वरियर्स ने यह मैच 9 रन से जीत लिया। मैच में कदौरा की ओर से कल्याण सिंह ने 47 रन बनाए और एक विकेट लिया। जबकि माधौगढ़ मास्टर्स की ओर से उत्तम विश्कर्मा ने 44 रन बनाए। कप्तान सिद्धेश्वर त्रिपाठी ने 5 विकेट लिए। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। टीसीएल आयोजन समिति में नीतेश पटेल, अरुण निरजंन, उदयकरण राजपूत, आफ्ताब आलम, दीपेश यादव, बनवारी सिंह सेंगर, अमित, प्रशांत चौरसिया, उत्तम विश्कर्मा, प्रवीण वर्मा, अभिषेक तिवारी, अजय, विद्यासागर मिश्रा, लालजी पाठक, प्रभाकर दुबे आदि रहे ।

## यूपी में नए साल पर चार हादसे नौ की मौत

**हादसा**

- जालौन में ट्रैक्टर पलटने से 3 किसानों की मौत हो गई
- गोरखपुर से लौट रहे महाराजगंज के 3 युवक हादसे का शिकार हो गए

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी में नए साल पर 4 सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जालौन में ट्रैक्टर पलटने से 3 किसानों की मौत हो गई। जबकि मथुरा में मां बेटे को कार ने रौंद दिया। गोरखपुर से लौट रहे महाराजगंज के 3 युवक हादसे का शिकार हो गए। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाइक टकराने से एक युवक जिंदा जल गया। जालौन में घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर गड्ढे में पलट गया। हादसे में 3 किसानों की मौत हो गई। घटना कदौरा थाना क्षेत्र के कुंवाखेड़ा की है। तीनों किसान ट्रैक्टर से हरी मटर बेचकर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक किसानों की पहचान भूरे (50), प्रताप सिंह (58) और लोकेंद्र (48) के रूप में की है। महराजगंज के 3 युवकों की गोरखपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल भी हुए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महराजगंज के निचलौल कस्बे से 5 दोस्त नए साल से पहले घूमने गए थे। नए साल पर वो लोग घर वापस आ रहे थे। तभी उनकी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। वहीं लखीमपुर में एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर होने के बाद बाइक में आग लग गई। इस हादसे में 1 युवक की जलकर मौत हो गई। वहीं 1 की हालत गंभीर बनी हुई है। मथुरा के छाता में रविवार की सुबह सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई।

## शरीर में मिले चोट के निशान, सुसाइड या ऑनर किलिंग में उलझी पुलिस

# पेड़ से लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव

**सुसाइड**

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया
- सुसाइड और ऑनर किलिंग दोनों ही एंगल से जांच की जा रही

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र में प्रेमी युगल के शव फंदे के सहारे पेड़ पर लटके मिले हैं। ग्रामीणों ने शवों को देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। दोनों के शरीर में चोट के निशान मिले हैं। सुसाइड और ऑनर किलिंग दोनों ही एंगल से जांच की जा रही है। अतर्रा थाना क्षेत्र के लोधन पुरवा में रविवार को सुबह नहर किनारे पेड़ पर युवक व किशोरी का शव लटका मिला। मृतक प्रेमी युगल बताए जा रहे हैं। किशोरी का शव दुपट्टे और युवक का शव मफलर के फंदे पर लटका था। घना कोहरा छंटने के बाद ग्रामीणों को शव नजर आए और पुलिस को सूचना दी।मृतकों के जिस्म में चोट के निशान होने पर ऑनर किलिंग की चर्चा रही। नरैनी रोड निवासी सुशील समदरिया (22) पुत्र कमलेश कुमार का शव लटका मिला। उसके साथ में दूसरे मोहाल की 17 वर्षीय किशोरी का भी शव लटक रहा था। दोनों प्रेमी युगल बताए गए हैं। नए वर्ष की तड़के सुबह नहर की पुलिया से गुजर



रहे आसपास के ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटकते हुए देखा। परिजनों और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली इंस्पेक्टर अनूप दुबे फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक सुशील समदरिया दो भाइयों और एक बहन में छोटा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों के शरीर में कई जगहों पर चोट के निशान थे।

हाथों में पीटने के निशान मिले। पुलिस का कहना है कि हर बिंदु पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उधर, घटनास्थल पहुंचे युवक और किशोरी के परिजन एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। दोनों पक्षों में टकराव की नौबत आ गई। युवक के परिजनों ने पुलिस से हत्या की आशंका जताकर घटना के खुलासे की मांग की। लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने के अंदेशा के चलते कोतवाली पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स को मौके पर बुलाया है। कोतवाली पुलिस के सामने ही मृतक युवक तथा किशोरी के परिजनों के भिड़ने पर पुरवा में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया है। फिलहाल तनाव की स्थिति बरकरार है। कोतवाली पुलिस भी मौके पर आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने और माहौल को शांत कराने में डटी हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रेन से कटने से युवक की मौत

**झांसी।** झांसी में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह दो दिन पहले खाना लेट बनने पर घर से गुस्सा होकर निकला था। उसके बाद से घर बापस नहीं लौटा। रविवार को सूचना पर परिजन पुलिस के पास पहुंचे। चप्पल देखकर उसके शव की पहचान की गई। मौत की सूचना के बाद घर में मातम पसरा है। महानगर के राजगढ़ के वीरू नगर का रहने वाला सुमेर कुशवाहा (49) मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि 29 दिसंबर की रात को सुमेर कुशवाहा घर पर था। रात करीब 10 बजे वह खाना बनने में देरी होने पर गुस्सा होकर घर से निकल गया था। इसके बाद वह लौटकर घर नहीं आया। बेटे विनय ने बताया कि घरवाले दो दिन से पिता की तलाश में जुटे हुए थे। 31 दिसंबर को सूचना मिली कि 29 दिसंबर की रात को ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हुई है। इस पर घरवाले बिजौली चौकी गए। वहां चप्पल से पिता की पहचान की। पहचान होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। सुमेर के दो बेटे बड़ा 19 साल का विनय और छोटा बेटा 17 साल का है। मौत के बाद पत्नी सोनू देवी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार 29 दिसंबर की रात करीब 1 बजे राहगीर ने सूचना दी कि बल्लमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। मौके पर पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हो पाई तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इसके बाद परिजनों की तलाश की जा रही थी। शनिवार को परिजन आए और चप्पल से पहचान की। रविवार को परिजनों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। वहा परिजनों ने शव की पहचान सुमेर के रूप में की।

## महराजगंज में सड़क हादसे में 3 की मौत

**महराजगंज।** महराजगंज के 3 युवकों की गोरखपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। बता दें, निचलौल कस्बे से 5 दोस्त घूमने गए थे। नए साल के पहले दिन वो लोग घर वापसी कर रहे थे। तभी उनकी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। नए साल में 3 युवकों की मौत से घर में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि निचलौल नगर के पांच युवक स्विफ्ट कार से बाहर घूमने गए हुए थे। नए साल के पहले दिन को सेलिब्रेट करने के लिए वो लोग घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गोरखपुर बेलघाट बाईपास पर बाघा गाड़ा के पास उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। जिससे वाहन में सवार 3 युवकों की मौत हो गई है। वहीं 2 लोग घायल हैं। मृतकों की पहचान अब्दुल अहद, आयुष्मान सिंह और आशीष मद्धेशिया के रूप में हुई है। जबकि युग राजपूत और शिवांश मिश्रा घायल हैं। जिनका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। ये खबर मिलते ही नए साल का जश्न भी फीका हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ललितपुर में करंट लगने से युवक की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर जिले के ग्राम बिजरौठा में खेत पर सिंचाई के लिए मोटर चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा निवासी 19 वर्षीय आजाद सिंह पुत्र तेज सिंह रविवार को सुबह खेत पर सिंचाई करने के लिए घर से निकला था। करीब 10 बजे जब वह कुएं के पास रखी मोटर को चलाने के लिए गया, तभी बटन दबाते ही उसे करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। किसानों ने देखा तो उसे अस्पताल ले गए, लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के चाचा हरिराम ने बताया कि आजाद दो भाई और दो बहन में सबसे बड़ा था। वह खेती किसानी के कार्य में परिजनों का सहयोग कर रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तालबेहट विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि खेत में सिंचाई करने के लिए मोटर चलाते समय युवक की करंट लगने से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## ऑटो में महिला की 4 लाख की ज्वैलरी चोरी

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक महिला से सरेराह चार लाख रुपए की ज्वैलरी उड़ाए जाने का मामला सामने आया है। महिला अपने बच्चों संग ऑटो से घर जा रही थी। इस दौरान ऑटो में सवार दूसरी महिला जालसाज ने उनके बैग में रखे कैश और ज्वैलरी पर हाथ साफ कर दिया। घटना कैंट इलाके के? दिव्यनगर कॉलोनी से ?गोरखनाथ के हुमायूंपुर जाते वक्त हुई। महिला को इसकी जानकारी तब हुई, जब वे ऑटो से उतरकर घर जाने लगी। लेकिन तब तक ऑटो और उसमें सवार महिला फरार हो चुके थे। रविवार को महिला ने इस मामले में कैंट पुलिस से लिखित शिकायत की है। गोरखनाथ के जटेपुर चित्रगुप्त नगर सुबाष लेन की रहने वाले पुष्पेद्र नाथ त्रिपाठी की पत्नी सीमा त्रिपाठी का कैंट इलाके के दिव्यनगर कूड़ाघाट में मायका है। सीमा शनिवार को अपने मायके गई थी। शाम करीब 3 बजे वे अपने दो बच्चों संग वापस लौट रही थीं। कूड़ाघाट के गौतम गुरूंग तिराहे से उन्होंने तरंग चौराहे के लिए ऑटो किया। उनके ऑटो में बैठती ही एक 35 साल की महिला और एक 20 साल की युवती भी उनके साथ ऑटो में बैठ गई। महिला के पास का छोटा बच्चा भी था। इस बीच रास्ते में महिला अपने बच्चे को कभी ऑटो में नीचे बैठा देती तो कभी उपर। कभी वह बच्चे को खेलाने के बहाने सामने बैठी महिला के चेहरे पर अपनी शॉल फेंक देती। सामने बैठी महिला को लगा कि वे अपने बच्चे के साथ खेल रही है। इसलिए उन्होंने इसपर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद ऑटो के यूनिवर्सिटी चौराहे पर पहुंचते ही महिला और युवती बच्चे के साथ उतर गई और ऑटो ड्राइवर अन्य सवारियों को लेकर आगे बढ़ गया। सीमा भी अपने बच्चों के साथ तरंग क्रॉसिंग पर उतर गई। ऑटो वाले को पैसा देने के लिए जब उन्होंने अपना बैग चेक किया तो बैग का चेन खुला हुआ था। बैग में रखे जेवरात और पैसे भी गायब थे। यह देख महिला के होश उड़ गए। सीमा त्रिपाठी के मुताबिक, उनके बैग में करीब 4 लाख रुपए के जेवरात थे।

## फिरोजाबाद में असामाजिक तत्वों ने तोड़ी अम्बेडकर की प्रतिमा

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में असामाजिक तत्वों ने अम्बेडकर प्रतिमा तोड़ दी। जिससे लोग आक्रोश नजर आए। लोगों के गुस्से को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना नारखी क्षेत्र के दौलतपुर में रविवार को ग्रामीण जगे तो उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा। इसकी जानकारी होते ही भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। अम्बेडकर प्रतिमा तोड़े जाने की खबर मिलते ही प्रशासन में हडकंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने गुस्साये लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार की देर रात किसी अराजक तत्व ने नव वर्ष पर तनाव का माहौल बनाने के लिए अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है। लोगों का यह भी कहना है कि दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिये और नई प्रतिमा लगाई जानी चाहिये। पुलिस ने ग्रामीणों को नई प्रतिमा लगाने व दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी होते ही आजाद समाज पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने भी पुलिस से जल्द खुलासे की मांग की।

## हीराबा के निधन पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा

**संतकबीर नगर।** संतकबीर नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर व्हाट्सएप ग्रुप पर अमर्यादित टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद आरोपी युवक पर मुक़दमा दर्ज किया गया है।अमर्यादित टिप्पणी का स्क्रीनशॉट वायरल हुआ तो लोगों ने विरोध दर्ज कराया। जिसके बाद मेंहदावल के भाजपा कार्यकर्ताओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पर कार्रवाई की। मेंहदावल के पश्चिम टोला में टीम वाहिद नेता पश्चिम टोला के नाम से एक व्हाट्सएप समूह चलता है। प्रधानमंत्री की मां हीराबा के निधन की सूचना इस ग्रुप पर किसी ने डाली तो, ग्रुप के सदस्य के रूप में मौजूद अल्ताफ ने अमर्यादित टिप्पणी कर दी। अमर्यादित टिप्पणी करने का स्क्रीनशॉट तमाम व्हाट्सएप समूह में वायरल हो गया। जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं को हुई तो भाजपा के जिला मंत्री अरुण सिंह और शेष प्रताप सिंह ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी अल्ताफ के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना को लेकर अभी भी भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमजन में नाराजगी है। लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# प्रेमिका के लिए पत्नी का मर्डर

## गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर सलवार की डोरी से गला घोंटा



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ में 30 दिसंबर को एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ बदमाश आए, लूटपाट की और विरोध करने पर उसकी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा कर दिया कि कातिल कोई और नहीं, सूचना देने वाला पति है।

इसकी वजह है गर्लफ्रेंड। मोहब्बत के आड़े पत्नी आ रही थी, वो इसे लेकर रोज-रोज लड़ाई करती थी। आखिर पति ने गर्लफ्रेंड संग मिलकर सलवार की डोरी से गला घोंटकर पत्नी को मार डाला। हत्या की प्लानिंग दो महीने तक गूगल और यूट्यूब देख कर की। कभी जहर देकर मारने तो कभी हत्या को दूसरा रूप देने के उपाय गूगल पर खोजे। ये भी सर्च किया कि मरने के बाद पत्नी भूत बनकर तो नहीं डराएगी? गाजियाबाद में मोदीनगर कस्बे के मोहल्ला आनंद विहार निवासी विकास शर्मा राजस्थान के भिवाड़ी स्थित अरविंदा फार्मा कंपनी में क्वालिटी मैनेजर है। विकास की शादी 12 साल पहले हापुड़ शहर में आर्यनगर निवासी सोनिया से हुई थी। दोनों के फिलहाल तीन बच्चे भी हैं। 30 दिसंबर की शाम सोनिया अपने बीमार भाई को देखने के लिए पति के साथ कार से हापुड़ आ रही थी। उसी रात 8 बजे विकास ने यूपी-112 को सूचना दी कि हापुड़ जिले में निजामपुर कट के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने लूट करने के उद्देश्य से पत्नी की हत्या कर दी है।

लूट के दौरान हत्या जैसी सनसनीखेज वारदात सुनते ही एसपी दीपक भूकर समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस केस के खुलासे में हापुड़ नगर पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया। आखिरकार पुलिस ने शनिवार को विकास शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ कि विकास के अधीन कंपनी में एक युवती काम करती है। वो हरियाणा में बहादुरगढ़ की रहने वाली है। पिछले दो साल से विकास और युवती के बीच प्रेम-प्रसंग थे। ये बात विकास की पत्नी सोनिया को पता चल गई।

वो अक्सर इसका विरोध करती थी। इस विवाद को खत्म करने के लिए विकास ने पत्नी के मर्डर की प्लानिंग बनाई। सहयोग के लिए उसने गर्लफ्रेंड को भी बुला लिया। शुक्रवार शाम विकास जब पत्नी को मोदीनगर से हापुड़ ला रहा था तो उसे रास्ते में गर्लफ्रेंड भी मिल गई। उसने गर्लफ्रेंड को कार में पीछे की सीट पर बैठा लिया। इसे लेकर कार में ही लड़ाई शुरू हो गई। विकास और उसकी गर्लफ्रेंड भी इसी मौके की फिराक में थे। हापुड़ चुंगी और डायमंड फ्लाईओवर के बीच शाम 5 बजे दोनों ने सलवार की डोरी से सोनिया की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वे करीब तीन घंटे तक कार में लाश को लेकर घूमते रहे। अंधेरा होने पर रात 8 बजे विकास ने गर्लफ्रेंड को उतार कर भगा दिया और फिर पुलिस को फोन करके बदमाशों द्वारा लूट-हत्या करने की कहानी सुनाई। पुलिस ने बताया कि हत्या के आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गर्लफ्रेंड की तलाश जारी है।

## चित्रकूट में लोगों ने मनाया नए साल का जश्न

**चित्रकूट।** चित्रकूट में नए साल के आगाज पर जिले वासियों ने धर्म नगरी सहित अन्य तीर्थ स्थानों पर जाकर दर्शन किए। एक दूसरे को नये साल की बधाई दी। युवाओं ने नये साल में अपने अपने घरों में धमाल भी मचाया। हैप्पी न्यू ईयर की गूंज सुनाई देती रही। कोहरे के साथ नये साल की शुरुआत हुई, लेकिन मंदिरों में मेले जैसा नजारा रहा। लोग मोबाइल से एक दूसरे को नया साल की बधाई देते नजर आए। नये वर्ष को युवा से लेकर बुजुर्ग सभी ने पूरे जोश के साथ मनाया। 31 दिसंबर की रात 12 बजते ही शहर में पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी। सुबह होने पर घर से निकलकर एक दूसरे को नये वर्ष की बधाई दी। मोबाइल के माध्यम से भी खूब बधाईयां दी। इसके बाद बड़ी संख्या में जिले के निवासियों ने धर्मनगरी पहुंचकर भगवान कामद नाथ के दर्शन कर परिक्रमा लगाई। अन्य तीर्थ स्थानों का दर्शन किया। इसके अलावा युवक व युवतियों ने होटल में पार्टी कर नये साल का जश्न मनाया। भगवान राम की कर्मस्थली चित्रकूट में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार कई राज्यों के लोग आकर मंदाकिनी स्नान कर भगवान कामद गिरि की परिक्रमा की है।



## विदेश में नौकरी के नाम पर 75 हज़ार की ठगी

**कौशांबी।** विदेश जाकर नौकरी करने की कोशिश में एक युवक ठगी का शिकार हुआ है। आरोपी युवक ने पीड़ित को अरब देश के ओमान में नौकरी दिलाने के नाम पर न सिर्फ उससे 75 हजार रुपये हड़प लिए, बल्कि उसे मुंबई में 22 दिन इधर उधर घुमाने के बाद उसे छोड़ फरार हो गया। पीड़ित अब गांव वापस आकर पुलिस से इन्साफ की गुहार लगा रहा है। मंझनपुर पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच सीओ सदर को सौंपी है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के बालकमऊ गांव के रहने वाले लल्लू प्रसाद खेती किसानी कर अपने परिवार की परवरिश करते हैं। लल्लू का बीटा संतोष कुमार हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी कर गांव में बेरोजगार घूम रहा था। संतोष काम की तलाश में इधर उधर

## नोएडा में महिलाओं के साथ सेल्फी लेने पर मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में न्यू ईयर की पार्टी में बवाल हो गया। पार्टी के दौरान 3 युवकों ने महिलाओं के साथ जबरन सेल्फी लेने की कोशिश की। विरोध करने पर युवकों ने महिलाओं के साथ अभद्रता की। इसके बाद महिलाओं के परिजन और युवकों के साथ आए लोगों में हाथापाई और फिर जमकर मारपीट हुई। इसमें 4 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। मामला गौर सिटी फर्स्ट एवेन्यू के सिटी पार्क का है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि सोसाइटी के पार्क में करीब 100 से ज्यादा लोग जुटे हैं। दो पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हो रही है। लात-घूंसे चल रहे हैं। कुछ लोग बीच बचाव की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हंगामा करने वाले मान नहीं रहे हैं। गौर सिटी में रहने वाले अमित कुमार ने बताया, 'सोसाइटी के पार्क में न्यू ईयर की पार्टी रखी गई थी। सोसाइटी के लोग जश्न के लिए जुटे थे। हम भी अपने परिवार के साथ गए थे। सेलिब्रेशन के बीच सोसाइटी के 3 लड़के पहुंचे। पहले तो महिलाओं से अच्छे से बात की। फिर महिलाओं के साथ जबरन सेल्फी लेने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो बदसलूकी करने लगे। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। करीब 30 मिनट तक हंगामा चला। हम लोगों ने फोन करके पुलिस को सूचना दी। बिसरख थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि नए साल के जश्न को लेकर गौर सिटी के फर्स्ट एवेन्यू में सोसाइटी के लोग इकट्ठा हुए थे।



## नए सीओ असमोली सर्किल का किया शुभारंभ



**संभल।** संभल में नए सीओ सर्किल की स्थापना हुई है। दूर दराज के ग्रामीणों को अब संभल सीओ कार्यालय तक नहीं दौड़ना होगा। पुलिस अधीक्षक ने नए सीओ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसपी सहित जनपद के सभी सीओ मौजूद रहे। संभल की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने 28 सितंबर 2011 को की थी। उस समय जनपद संभल में तीन सीओ सर्किल थे। जिसमें संभल, चंदौसी और गुन्नौर है। कुछ समय पूर्व बहजोई सीओ सर्किल बनाया गया और अब दूरदराज के ग्रामीणों को अपनी फरियाद लेकर ज्यादा दूर ना दौड़ना पड़े उनकी सुविधा को देखते हुए आज नव वर्ष 2023 की शुरुआत होते ही जनपद संभल में असमोली सीओ के नाम से एक नया सर्किल सृजित किया गया। जिसका रविवार को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा और अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अब संभल में चंदौसी, गुन्नौर, बहजोई और असमोली के नाम सीओ सर्किल है। असमोली क्षेत्र की जनता को अपनी फरियाद लेकर संभल सीओ कार्यालय तक आना होता था, लेकिन अब उनकी राह आसान हो गई है। ग्रामीण अपनी फरियाद लेकर थाना असमोली जाएंगे। क्योंकि सीओ कार्यालय का अपना भवन बनने में समय लगेगा और तब तक योग कार्यालय का संचालन होगा। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि आज नव वर्ष पर सीओ असमोली कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। जिसका संचालन थाना असमोली से होगा। नव सर्जित सीओ असमोली सर्किल में थाना नखासा, असमोली और एचौड़ा कम्बोह को शामिल किया गया है। यहां का क्षेत्र संभल से थोड़ा दूर पड़ता था जिसमें इसे देखना और पब्लिक की शिकायत सुनने में कठिनाई होती थी। एक अपील करता हूं कि पब्लिक और पुलिस का जब तक सहयोग बना रहता है तो अपराध पर नियंत्रण बनाए रखना बहुत आसान होता है। 2023 में पुलिस का सहयोग करें पुलिस

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी गया सामान भी आरोपी के कब्जे से बरामद किया है। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में करनपुर सरकड़ा निवासी अशरफ पुत्र अकबर अली की दुकान में छत के रास्ते घुसे चोर सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करके घटना के खुलासे को कोशिश शुरू कर दी थी। स्स्क हेमराज मीणा के आदेश पर मुरादाबाद में चोरी, लूट, डकैती करने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान में मूंढापांडे पुलिस को ये सफलता मिली है। मूंढापाडे पुलिस ने रविवार को अशरफ की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए शमीम पुत्र सलीम निवासी ग्राम करनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक शमीम छत के रास्ते दुकान में घुसा था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया सामान भी बरामद किया है।

## बैंककर्मी को सांड ने पटक कर मार डाला

**मेरठ।** मेरठ में आवारा सांड ने बैंक कर्मचारी को पटक-पटक कर मार डाला। कर्मचारी की मौत से गुस्साए परिजनों ने मेरठ-बड़ौत मार्ग को जाम कर दिया। थोड़ी देर बाद भाकियू और सपा के कार्यकर्ता भी मौके पहुंच गए। हंगामे की सूचना पाकर अधिकारियों के साथ 4 थानों के 200 जवान भी मौके पर पहुंचे।

अधिकारी प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, वो मान नहीं रहे हैं। उनकी मांग है कि चौकी इंचार्ज को हटाया जाए। मृतक को परिजनों को मुआवजा दिया जाए।

साथ ही आवारा पशुओं को पकड़ा जाए। मृतक का नाम राहुल (25) है। वह झिंझोकर थाना के कंकरखेड़ा का रहने वाला था। राहुल बंधन बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर तैनात था। ईयर एंडिंग के चलते बैंक में क्लोजिंग थी। इसके चलते शनिवार को राहुल बैंक से 10 बजे निकला। जैसे ही वह बड़ौत मार्ग पर पहुंचा तो सामने से 2 सांड आए और हमला कर दिया। पहले तो बाइक में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया। फिर पेट में सींग घुसेड़कर मार डाला। राहुल का शव रातभर खुले में पड़ा रहा। सुबह वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर राहुल के शव के अलावा सांडों के पैरों के निशान और टूटी हुई सींग भी मिली है।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचित किया। जैसे ही गांव में आवारा पशु के कारण युवक की मौत की खबर फैली तो लोगों का गुस्सा बढ़ गया। इसके बाद भारी संख्या में लोग शव रखकर मेरठ-बड़ौत मार्ग पर जाम लगा दिया। सपा विधायक गुलाम मोहम्मद के साथ सपा कार्यकर्ता और भाकियू कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मिलते ही अधिकारियों के साथ रोहटा, कंकरखेड़ा, सरूरपुर, जानी थाने की फोर्स मौके पहुंची।

## हापुड़ पुलिस ने 16 मोबाइल खोजकर लौटाए

### एसपी पुलिस ने 5 हजार रुपए दिया इनाम, पुलिस चोरों की कर रही तलाश



**हापुड़।** हापुड़ पुलिस ने अलग अलग पीड़ितों के खोए व चोरी हुए 16 मोबाइल बरामद किए। पुलिस ने पीड़ितों के मोबाइल तलाश कर उन्हें सुपुर्द किए। जिसके बाद उनके चेहरे पर खुशी की लहर दिखी। वहीं हापुड़ एसपी ने पुलिस टीम को 5 हजार रुपए का इनाम दिया है। कुछ दिनों से पुलिस को मोबाइल चोरी व गुम होने की शिकायत मिली। जिस पर एसपी दीपक भूकर ने सर्विलांस व कोतवाली पुलिस टीम का गठन किया। इसके बाद पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर सर्विलांस के माध्यम से चोरों की खोजबीन की। इस दौरान पुलिस को 16 मोबाइल मिले। जिनकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। रविवार को एसपी दीपक भूकर ने कोतवाली पहुंचकर पीड़ितों को उनके मोबाइल वापस लौटाए। जिस पर वह खुश नजर आए। साथ ही हापुड़ पुलिस के कार्यो की प्रशंसा की। वहीं पुलिस मोबाइल चोरों की भी तलाश कर रही है। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि अभी तक 16 मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा उन्हें वापस लौटा दिया गया है। जबकि फोन चोरी करने वाले गिरोह की भी

## पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में कछवा पुलिस ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर प्रमोद उपाध्याय को अवैध पिस्टल और 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रमोद पर कुल 7 मामले दर्ज हैं।क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कछवां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। असलहा रखने और तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत 1 जनवरी को थाना प्रभारी राम स्वरूप वर्मा ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र से आरोपी प्रमोद उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय नन्दलाल उपाध्याय निवासी ग्राम बधवां को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 1 पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किये। मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करते हुए शातिर पेशेवर आपराधी को जेल भेजा गया।

## रेलवे कर्मचारीः पत्नी और बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत

**वाराणसी।** पत्नी और ढाई साल के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह हेल्पर की चाबी लेने गया तब मामले की जानकारी हुई। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की हर एंगल से छानबीन कर रही है। रविवार की सुबह 7 बजे से राजीव की ड्यूटी थी। राजीव काशी रेलवे स्टेशन कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 29-डी में रहते थे। स्टेशन नहीं पहुंचने पर हेल्पर संतोष कुमार साहनी राजीव के आवास पर पहुंचा।

काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा खटखटाया तो वह खुल गया। अंदर जाकर देखा तो मच्छरदानी के अंदर बेड पर श्वस्रू राजीव रंजन पटेल, उनकी पत्नी और बेटा सोए हुए थे। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। हेल्पर ने घटना की सूचना पड़ोसियों को दी। पड़ोसियों ने सूचना आदमपुर थाने की पुलिस को दी। आदमपुर इंस्पेक्टर अजीत वर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। रेलकर्मी के परिजनों को भी सूचना दे गई है। परिजन रवाना हो गए हैं। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने अब तक की जांच में पाया है कि घर से कोई सामान गायब नहीं है। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में अंगीठी भी जल रही थी। ऐसे में यह हो सकता है कि या तो परिवार ने जहर खाकर जान दी हो। या फिर, अंगीठी जलने की वजह से दम घुट गया हो। फिलहाल फील्ड यूनिट की जांच जारी है। हेल्पर संतोष ने बताया, ÷वह आईपी रूम की चाबी लेने गया था। बेड पर मच्छरदानी लगी हुई थी। मच्छरदानी के अंदर राजीव रंजन पटेल, उनकी पत्नी और बेटा सोए हुए थे। करीब जाकर देखा तो राजीव रंजन अपने बेड पर उल्टी किए हुए थे। वहीं, उनकी पत्नी अनुपमा का हाथ बेटे हर्ष के मुंह पर था। तीनों लोगों के मुंह से झाग निकल रहा था। रेलवे के अफसरों की सूचना पर घटनास्थल पर फोर्स के साथ काशी जोन के राजेश कुमार



# यूपी वालों को नए साल में मिलेगा एक और एयरपोर्ट

## एडीएम प्रशासन का कहना है कि एयरपोर्ट की बाउंड्री में कुछ कमियां एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताई थीं।

**मुरादाबाद।** नए साल में यूपी वालों को एक और एयरपोर्ट मिलेगा। जल्द ही मुरादाबाद से दिल्ली और लखनऊ के लिए फ्लाइट मिलेगी। भदासना में बन रहे हवाई अड्डे पर काम लगभग पूरा हो चुका है।

एयरपोर्ट पर रनवे, टर्मिनल, टावर बन गए हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम रनवे की जांच करके उड़ान के लिए ओके रिपोर्ट दे चुकी है। डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन को लाइसेंस के लिए आवेदन किया जा चुका है। एयरपोर्ट उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। लाइसेंस मिलते ही उड़ान शुरू हो जाएंगे। एयरपोर्ट के कामकाज की मॉनीटरिंग कर रहे एडीएम प्रशासन सुरेंद्र सिंह चाहल का कहना है कि 2023 की पहली तिमाही में उड़ान शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में मुरादाबाद से दिल्ली और लखनऊ के लिए फ्लाइट की योजना है। हालांकि फ्लाइट रूट लाइसेंस मिलने के बाद ही फाइनल किया जाएगा। मुरादाबाद में एयरपोर्ट की नींव वर्ष 2014 में पड़ी थी। तत्कालीन प्रदेश सरकार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसके बाद मुरादाबाद -रामपुर के बीच नेशनल हाईवे से करीब डेढ़ किमी हटकर भदासना में 52 हेक्टेयर में हवाई अड्डे की बुनियाद पड़ी।

पहले इसे 21 करोड़ रुपये की लागत से हवाई पट्टी के रूप में विकसित किया गया। बाद में धीरे-धीरे इसे एयरपोर्ट की शक्ल दी गई। अब यहां एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर, टर्मिनल, बड़े हवाई जहाजों के लिए रनवे समेत एयरपोर्ट के लिए जरूरी बाकी सभी निर्माण और सुविधाएं जुटा ली गई हैं। । हालांकि 2014 में घोषणा होने के बाद से ही शहर के लोगों को मुरादाबाद से उड़ान शुरू होने का इंतजार है। लेकिन 8 साल गुजरने के बाद भी अभी तक उड़ान शुरू नहीं हो सकी हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए सिविल पुलिस के 65 जवानों को एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। 3 साल पहले इन पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। इसके बाद से वे पुलिस कर्मी एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा फायर ब्रिगेड की एक टीम भी हर समय एयरपोर्ट पर तैनात रहती है। ट्रेंड पुलिस कर्मियों के अलावा लोकल पुलिस के जवानों को भी हवाई अड्डे के पास तैनात किया गया है। रनवे को ओके रिपोर्ट देने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी मुरादाबाद एयरपोर्ट पर डायरेक्टर एयरपोर्ट के रूप में संदीप कुमार को यहां तैनात कर चुकी है। बाकी स्टाफ को भी यहां तैनात किया जा चुका है। बाकायदा इसके लिए एयरपोर्ट पर कार्यालय बनाया गया है। इसके अलावा एक वीआईपी गेस्ट हाउस भी यहां बनाया गया है। अथॉरिटी के अधिकारियों का कहना है कि उड़ान शुरू होने के लिए बस से लाइसेंस मिलने की देरी है। लाइसेंस मिलते ही उड़ान शुरू हो जाएगी। एडीएम प्रशासन सुरेंद्र सिंह चाहल का कहना है कि एयरपोर्ट की बाउंड्री में कुछ कमियां एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताई थीं। बाउंड्री में निचले हिस्से से रनवे पर पशुओं के घुसने की आशंका व्यक्त की गई थी। इसके लिए राजकीय निर्माण निगम को अथॉरिटी के निर्देश के मुताबिक जरूरी कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए निर्माण एजेंसी को बजट भी रिलीज कर दिया गया है।

# लाहोटी ने संभाला रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, सीईओ का पद

» लाहोटी भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा के 1984 बैच के अधिकारी हैं

» गैर-किराया, स्क्रैप की बिक्री और व्यापक टिकट जांच अभियान द्वारा राजस्व में रिकॉर्ड सुधार का कार्य भी किया



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड में सदस्य (अवसंरचना) अनिल कुमार लाहोटी ने आज रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण किया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एक जनवरी 2023 से लाहोटी की रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है । उन्होंने दिनांक 17 दिसम्बर 2022 को ही रेलवे बोर्ड में सदस्य, इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में पदभार संभाला था। इससे पूर्व वह मध्य रेल मुंबई में महाप्रबंधक थे। लाहोटी भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा के 1984 बैच के अधिकारी हैं। इन्हें हाल ही में सरकार द्वारा अनुमोदित भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के लेवल-17 की पहले पैनल में शामिल किया गया। उन्होंने ग्वालियर स्थित माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस से सिविल इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडल के साथ स्नातक किया है और रुड़की विश्वविद्यालय (आईआईटी, रुड़की) से मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (स्ट्रक्चर्स) किया है। रेलवे में अपने 36 वर्षो से अधिक के सेवा काल के दौरान, उन्होंने मध्य, उत्तर, उत्तर मध्य, पश्चिम और पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इससे पहले वह मध्य रेल के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे और कई महीनों तक पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। महाप्रबंधक के रूप में उनके कार्यकाल में सबसे अधिक संख्या में किसान रेल चलाने और राजस्व के मामले में उन्हें अब तक का सबसे अधिक माल और पार्सल यातायात (टन में) प्राप्त करने का श्रेय प्राप्त है। उन्होंने गैर-किराया, स्क्रैप की बिक्री और व्यापक टिकट जांच अभियान द्वारा राजस्व में रिकॉर्ड सुधार का कार्य भी किया है। उन्होंने मुंबई में वातानुकूलित उप-नगरीय सेवाओं के विस्तार के जटिल मुद्दे का सफलतापूर्वक परिचालन और समाधान किया है। उनके कार्यकाल के दौरान, मध्य रेल ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निष्पादन और कमीशनिंग में बड़े स्तर पर सुधार किया तथा मुंबई में दिवा और ठाणे के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित 5वीं और 6वीं लाइन की शुरुआत की। लाहोटी ने लखनऊ में उत्तर रेलवे में मंडल रेल प्रबंधक के पद पर भी कार्य किया जहां उन्होंने भीड़-भाड़ वाले गाजियाबाद-प्रयागराज-डीडीयू मार्ग के विकल्प के रूप में लखनऊ-वाराणसी-डीडीयू मार्ग पर माल ढुलाई में सुधार के लिए कई पहल की हैं । उन्होंने लखनऊ मंडल के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और स्वच्छता मानकों में सुधार के विशेष कार्य किये । उन्होंने लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने सहित बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए कई कार्य किए और भविष्य में यातायात में वृद्धि के लिए नेटवर्क क्षमता के विस्तार के महत्वपूर्ण कार्यों की मंजूरी के लिए व्यापक योजना बनाई। उत्तर रेलवे में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) और मुख्य इंजीनियर (निर्माण) के रूप में श्री लाहोटी ने बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये नई लाइनें, ट्रैक के दोहरीकरण, मल्टी-ट्रैकिंग, यार्ड रीमॉडेलिंग, महत्वपूर्ण पुलों, स्टेशन निर्माण आदि के कई कार्यों का निष्पादन किया। दिल्ली में आनंद विहार टर्मिनल' और नई दिल्ली स्टेशन के प्रतिष्ठित 'अजमेरी गेट' साइड स्टेशन भवन की योजना और निर्माण उनके द्वारा किया गया है। आप विश्व स्तर के स्टेशन के रूप में नई दिल्ली स्टेशन के पुनर्विकास और वाणिज्यिक विकास की योजना से भी जुड़े रहे।रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान श्री लाहोटी ने विशेष रूप से परिचालन की गति बढ़ाने और उच्च एक्सल लोड की ढुलाई के लिए सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के रखरखाव, पुनर्वास और स्थायी मार्ग के उन्नयन पर कई नीतियों और योजनाओं की पहल की । उन्होंने ट्रैक रखरखाव की गुणवत्ता में सुधार के लिए अत्याधुनिक मशीनों के साथ ट्रैक रखरखाव के पूर्ण मशीनीकरण के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया और उसे कार्यान्वित भी किया ।

## भारत ने पाकिस्तान सरकार से भारतीय कैदियों को रिहा करने की अपील

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे समझौते के अनुरूप रविवार को अपनी हिरासत में असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। भारत ने रविवार को पाकिस्तान से 631 भारतीय मछुआरों और दो असैन्य कैदियों को रिहा करने और वापस भेजने का आह्वान किया है। यह वो कैदी हैं जिनकी जेल की सजा पूरी हो चुकी है और जिनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि हो चुकी है। विदेश मंत्रालय (रूश्व) ने कहा- %इसके अलावा, इस्लामाबाद से शेष 30 मछुआरों और 22 नागरिक कैदियों को तत्काल कांसुलर एक्सेस प्रदान करने का भी आग्रह किया गया है, जो पाकिस्तान की हिरासत में हैं और माना जाता है कि वे भारतीय हैं। भारत ने 2008 के समझौते के ढांचे के तहत प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के 1 जनवरी और 1 जुलाई को ऐसा करने के अभ्यास के हिस्से के रूप में दोनों देशों द्वारा नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूचियों के आदान-प्रदान के संदर्भ में अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से अनुरोध किया गया है कि सभी भारतीय और माने जाने वाले भारतीय असैन्य कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण सुनिश्चित करें और उनकी रिहाई जल्द से जल्द करे।

## पिछले 5 वर्षों में उच्च न्यायालयों में केवल 15 फीसदी पिछड़े समुदाय के न्यायाधीशों की नियुक्ति

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**नई दिल्ली।** न्याय विभाग ने संसदीय समिति के सामने एक प्रेजेंटेशन देते हुए न्यायपालिका में पिछड़ी जातियों के स्थिति के बारे में बताया। विभाग ने कहा कि पिछले पांच सालों में उच्च न्यायालयों में नियुक्त न्यायाधीशों में से पिछड़े समुदाय से आने वाले न्यायधीश केवल 15 प्रतिशत है। साथ ही विभाग ने इंगित करते हुए कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में न्यायपालिका की प्रधानता के तीन दशकों के बाद भी नियुक्ति को समावेशी और सामाजिक रूप से समान नहीं बनाया जा सका है। विभाग ने यह रेखांकित करते हुए कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रस्ताव कॉलेजियम के पास है तो ऐसे में उसको जिम्मेदारी दी गई है कि न्यायधीशों की नियुक्ति को दौरान उसे अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यक और महिलाएं से आने वाले उपयुक्त उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश करनी चाहिए जिससे सामाजिक विविधता के मुद्दे को हल किया जा सकें। विभाग ने इशारा करते हुए कहा कि फिलाहल सरकार सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में केवल उन्हीं लोगों को नियुक्त करने में प्राथमिकता देता है जिनकी सिफारिश कॉलेजियम द्वारा की जाती है। न्याय विभाग ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी की अध्यक्षता में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति के समक्ष एक विस्तृत प्रस्तुति दी। अपने प्रेजेंटेशन में विभाग ने कहा, ÷न्यायपालिका को संवैधानिक अदालतों के न्यायधिशों की नियुक्ति करने की प्राथमिकता मिलें लगभग 30 साल हो चुके हैं लेकिन अब भी वह इस सामाजिक विविधता को दूर नहीं कर पाया है। विभाग ने आगे कहा कि सरकार ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को प्रस्ताव भेजकर इस बात की सिफारिश की है कि जब भी न्यााधीशों के नाम भेजे जाते हैं ।

## केरल में टूरिस्ट बस खाई में गिरने से एक छात्र की मौत, 40 घायल

**तिरुवनंतपुरम।** मलप्पुरम में तिरूर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के एक छात्र की उस समय मौत हो गई, जब वह अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ टूर पर जा रहा था। छात्र की पहचान मिल्हाज के रूप में हुई और यह घटना केरल के इडुक्की जिले के अदिमली में हुई। सुबह-सुबह हुए हादसे में कम से कम 40 छात्र घायल हो गए और उन्हें आदिमाली और आसपास के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# दलाई लामा ने चीन को लगाई फटकार

## कहा- चीन से बौद्ध धर्म खत्म करने की कोशिश नहीं होगी पूरी

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**बोधगया।** बिहार के बोधगया के कालचक्र मैदान में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा अपने तीसरे और अंतिम दिन के टीचिंग कार्यक्रम के दौरान चीन पर जमकर बरसे। उन्होंने चीनी सरकार द्वारा बौद्ध धर्म को नष्ट करने की कोशिश के तथ्यों को भी उजागर किया। दलाई लामा ने कहा कि चीन सरकार ने बौद्ध धर्म को खत्म करने की कोशिश कर रही है लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो सकती है। दलाई लामा ने अपने प्रवचन में बोलते हुए चीन पर बौद्ध धर्म को जहरीला मानने और इसे खत्म करने, चीन से बाहर निकालने के लिए एक व्यवस्थित अभियान चलाने का आरोप लगाया है।

बोधगया में समारोह के दौरान दलाई लामा ने कहा कि हमारा बौद्ध धर्म में पूरा विश्वास है। जब मैं ट्रांस हिमालय के क्षेत्रों में जाता हु तब मुझे वहां के स्थानीय लोगों में बौद्ध धर्म के प्रति लोगों की पूरी आस्था मिलती है। उन्होंने कहा कि यही स्थिति मंगोलिया और चीन में भी भले ही चीन की सरकार बौद्ध धर्म को जहरीला और खत्म करने का प्रयास कर रही हो। लेकिन वह अपनी इन कोशिशो में सफल नहीं हो पाएगी। चीन ने बौद्ध धर्म को कई बार नुकसान पहुंचाया है लेकिन धर्म को कभी भी चीन से खत्म नहीं किया जा सकता है क्योंकि आज भी चीन में बौद्ध धर्म को मानने वाले कई लोग मौजूद हैं।

## देश में फिर बढ़ी कोरोना की रफ्तार, 24 घंटे में आए 265 नये मामले

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 265 नये मामले सामने आये जिससे कुल संख्या बढ़कर 4.46 करोड़ हो गयी। सक्रिय मामलों में 2,706 की गिरावट देखी गई है। मंत्रालय द्वारा सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, अब तक मरने वालों की संख्या तीन मौतों के साथ 5,30,705 हो गई है, केरल में दो और कर्नाटक में एक मौत की सूचना दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि कोरोना का डेली पॉजिटिविटी रेट 0.17 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

# संदीप सिंह ने यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद इस्तीफा दिया

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल मंत्री एवं भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद रविवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। श्री सिंह ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सौंप दिया है। उन्होंने इस्तीफा देते हुए कहा कि मामले की जांच रिपोर्ट आने तक वह अपना खेल विभाग मुख्यमंत्री को सौंपते हैं। श्री सिंह ने कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है और उनके खिलाफ लगाये गये आरोप बेबुनियाद एवं झूठे हैं। चंडीगढ़ पुलिस के प्रवक्ता राम गोपाल के अनुसार श्री सिंह के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद सेक्टर 26 थाने में शनिवार को उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354ए, 354बी, 342, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि मंत्री ने उन्हें गलत इरादे से छुआ था। वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में बतौर एथलीट भाग ले चुकी एथलेटिक कोच का आरोप है कि श्री सिंह ने उससे इंस्टाग्राम और स्नैपचैट पर संदेश भेजे तथा स्नैपचैट पर एक जुलाई को कॉल कर उसे कुछ दस्तावेजों के साथ चंडीगढ़ में सेक्टर सात स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया था। यहां खेल मंत्री ने कोच से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। इस दौरान उसकी टी शर्ट फट गई और वह किसी तरह वहां से बच कर भागी। शिकायतकर्ता की सितंबर माह में ही खेल विभाग में जूनियर एथलेटिक कोच पद पर नियुक्ति हुई थी। श्री सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिये माहौल बनाया गया है और मामले की पारदर्शी जांच होनी चाहिये। महिला कोच की शिकायत के बाद विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुडा ने भी श्री सिंह के खिलाफ दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इसी बीच, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल ने कोच के आरोपों की जांच के लिये तीन सदस्यीय पैनल गठित किया है। दूसरी ओर, यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली महिला कोच ने आज अंबाला में गृह मंत्री अनिल विज से भी मुलाकात की। हरियाणा के खेल मंत्री ने अपने खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद मुख्यमंत्री को इस्तीफा सौंपा। श्री सिंह ने कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद और सरासर झूठे हैं। खेल मंत्री सिंह ने ट्वीट कर अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा,÷ उनकी छवि खराब करने के लिए माहौल बनाया गया। मैं चाहता हूं कि खेल विभाग की कोच ने उन पर जो झूठे आरोप लगाए हैं। मामले की पारदर्शी तरीके से जांच होनी चाहिए। जांच रिपोर्ट आने तक वह अपना खेल विभाग मुख्यमंत्री को सौंपते हैं। महिला कोच की शिकायत के बाद विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने श्री सिंह के खिलाफ दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक बतौर एथलीट भाग ले चुकी एथलेटिक्स कोच का आरोप है कि श्री सिंह ने उससे इंस्टाग्राम और स्नैपचैट पर संदेश भेजे तथा स्नैपचैट पर एक जुलाई को कॉल कर उसे कुछ दस्तावेजों के साथ चंडीगढ़ में सेक्टर सात स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया। खेल मंत्री ने उससे कथित तौर पर छेड़छाड़ की। इस दौरान उसकी टी शर्ट फट गई और वह किसी तरह वहां से बच कर भागी। शिकायतकर्ता की सितंबर माह में ही खेल विभाग में जूनियर एथलेटिक्स कोच पद पर नियुक्ति हुई थी। इस बीच, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल ने महिला एथलेटिक्स कोच के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल गठित किया है।

## कोच और कप्तान की उपस्थिति में यो-यो टेस्ट सहित तीन फैसलों पर लगी मुहर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रविवार को मुंबई में टीम इंडिया की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, मानद सचिव जय शाह, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़, क्रिकेट के प्रमुख (ह्रष्ट) वीवीएस लक्ष्मण और चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा शामिल हुए। बैठक के दौरान आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के रोडमैप के साथ-साथ खिलाड़ी की उपलब्धता, कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस मापदंडों के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बता दें कि पूरी चर्चा का मुख्य विषय खिलाड़ियों की फिटनेस रहा। बैठक में मौजूद सदस्यों ने तीन मुख्य बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की। समीक्षा बैठक में चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में, 2022 में टीम का प्रदर्शन, भी एक गंभीर मुद्दा रहा। इससे साथ दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड के लिए खिलाफ टेस्ट में हार और ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से टीम का सेमीफाइनल से बाहर होना शामिल था।

# वाहन बिक्री, जीएसटी आंकड़े और कोरोना के रुख का बाजार पर रहेगा असर

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**मुंबई।** चीन में बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए कोरोना प्रतिबंध में ढील दिये जाने की घोषणा से उत्साहित निवेशकों की दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह दिसंबर की वाहन बिक्री एवं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आंकड़ा, रूस-यूक्रेन तनाव, कोरोना संक्रमण के प्रसार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 995.45 अंक अर्थात 1.7 प्रतिशत की उछाल लेकर सप्ताहांत पर 60840.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 298.5 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की तेजी के साथ 18105.30 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 887.71 अंक की छलांग लगाकर 25314.50 अंक और स्मॉलकैप 1674.11 अंक की उड़ान भरकर 28926.79 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार में पिछले सप्ताह पिछले तीन सप्ताह की गिरावट पर ब्रेक लगा तथा सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। दुनिया भर में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने और रूस-यूक्रेन संकट के बीच निकट भविष्य में बाजार में अस्थिरता अधिक रहने की संभावना है। साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतिम बजट सत्र, कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के परिणाम, दिसंबर के वाहन बिक्री और जीएसटी के जारी होने वाले आंकड़ों की अगले सप्ताह बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अलावा, इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और डॉलर सूचकांक भी अगले सप्ताह बाजार की दिशा निर्धारित करने वाले अन्य महत्वपूर्ण कारक होंगे। साथ ही एफआईआई के निवेश प्रवाह पर भी बाजार की नजर रहेगी। एफआईआई ने पिछले वर्ष दिसंबर में कुल 139,091.40 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 153,322.49 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। उन्होंने बाजार से 14,231.09 करोड़ रुपये निकाल लिए। हालांकि, इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश धारणा मजबूत रही है। उन्होंने बाजार में कुल 136,300.97 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि 112,141.84 करोड़ रुपये निकाल लिए, जिससे वह 24,159.13 करोड़ रुपये के लिवाल रहे।

# देश-विदेश डायरी

## लेबनान में जहाज की तबाही के बाद 232 प्रवासियों को बचाया गया

**बेरूत।** लेबनान में सेलाता शहर के तट पर एक डूबे हुए जहाज से सेना ने संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के सहयोग से 232 अवैध प्रवासियों को सुरक्षित बचा लिया। सेना ने कहा,÷नौसेना बलों ने यूएनआईएफआईएल के सहयोग से अवैध प्रवासियों को बचाने का अभियान पूरा कर लिया है जो सेलाता के तट पर एक जहाज पर थे। जहाज पर सवार प्रवासियों की संख्या 232 थी और उन्हें त्रिपोली के बंदरगाह पर ले जाया जा रहा है। बयान के मुताबिक, जहाज़ की तबाही के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।

## अफगानिस्तान में सैन्य हवाईअड्डे पर विस्फोट

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में रविवार को एक सैन्य हवाईअड्डे पर विस्फोट हो गया। आतंरिक मंत्रालय के प्रवक्ता नफी तकूर ने कहा कि इस घटना में कुछ लोग मारे गए या घायल हुए हैं। श्री तकूर ने एक बयान में कहा ÷ आज सुबह काबुल सैन्य हवाईअड्डे पर विस्फोट हुआ, जिससे हमारे कई नागरिक शहीद और घायल हो गए।

## यूक्रेन ने खारिज किया इजराइल का प्रस्ताव

**यरूशलम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमिर ज़ेलेंस्की ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के फिलिस्तीनी क्षेत्रों के कब्जे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के अनुरोध को खारिज कर दिया है। यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के लिए इजरायल से सहमति नहीं मिली थी। एक्सियोस न्यूज पोर्टल ने दोनों देशों के सरकारी सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक श्री नेतन्याहू और श्री ज़ेलेंस्की के बीच शुक्रवार शाम को टेलीफोन पर बातचीत हुई। इज़राइल ने यूक्रेन से फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों के कब्जे पर कानूनी राय जारी करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय अदालत के एक प्रस्ताव का विरोध करने के लिए कहा। रिपोर्ट में यूक्रेन के स्रोत का हवाला देते हुए कहा गया है कि श्री ज़ेलेंस्की ने श्री नेतन्याहू के साथ एक बातचीत में कहा कि प्रस्ताव के खिलाफ मतदान के बदले में वह चाहते थे कि नई इज़राइली सरकार अपनी नीति बदले और यूक्रेन को रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ रक्षा प्रणाली प्रदान करे। रिपोर्ट के अनुसार श्री नेतन्याहू ने इस पर कोई प्रतिबद्धता नहीं की, लेकिन कहा कि वह भविष्य में श्री ज़ेलेंस्की के अनुरोधों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

## झगड़े के दौरान हुई फायरिंग में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के डीग में खोह थाना क्षेत्र के धमारी गांव में नए साल के पहले ही दिन एक ही परिवार के लोगो मे झगड़े के दौरान हुई फायरिंग में 12 साल के एक बच्चे के गम्भीर रूप से घायल हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। फायरिंग में गोली लगने से घायल बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस झगड़े के दौरान फायरिंग में घायल बच्चे के प्रति झगड़ा कर रहे दोनो परिवारों की अमानवीयता की हदें उस समय पार होती नजर आई जब उन्ही के परिवार का बच्चा घायल होकर जमीन पर गिरकर तडफता रहा लेकिन दोनों परिवार फिर भी झगड़ा करते रहे। गांव वालों ने बच्चे को डीग अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद डीग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात की जानकारी लेकर गांव में पुलिस जाब्ता तैनात किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया गया है कि झगड़ा कर रहे पप्पू और ज्ञान सिंह के बीच चाचा-ताऊ की रिश्तेदारी हैं। पप्पू के घर में गत 31 मई को चोरी हो गई थी। चोरी का शक ज्ञान सिंह के परिवार पर लगाया था। तब से दोनों के बीच दुश्मनी हो गई। रविवार को उसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी तैश में ज्ञान सिंह के परिवार की ओर से गोली चला दी गई।

## नये वर्ष का जश्न मनाकर लौट रहे युवक की हत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र में नए साल का जश्न मनाकर घर लौट रहे एक युवक की बदमाशों ने पलटे से हमला कर हत्या कर दी।यादराम मीणा की मौत से गुस्साए परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज सुबह अस्पताल रोड पर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। मृतक के भाई अंकित ने पुलिस को बताया कि गांव के रामलाल, लालाराम और सीताराम के परिवार से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चलती आ रही है। जिसको लेकर उन्होंने मौका देखकर इस घटना को अंजाम दिया। घटना उस वक्त हुई जब यादराम मीणा नए साल का जश्न मनाकर मुंडपुरी गांव से अपने घर मीणा पूरा बाइक से आ रहे थे। रास्ते में बंबोली रोड पर एक थार गाड़ी आकर रूकी और उसमे दो व्यक्ति निकलकर आए और बाइक को रुकवा लिया। जैसे ही अंकित ने देखा तो गांव के ही रहने वाले रामलाल एवं लालाराम थे। जिन्होंने आते ही झगड़ा कर लिया और झगड़े में उन्होंने लोहे के पलटे से उनके भाई यादराम पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे यादराम मीणा की मौके पर ही मौत हो गई और मारपीट करने वाले थार गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए।

## आईपीएल 2023 से दूर रह सकते हैं रोहित-कोहली और हार्दिक

**मुंबई ।** बीसीसीआई ने मुंबई में हुई समीक्षा बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। खिलाड़ियों का वर्कलोड मैनेजमेंट इनमें से एक है। भारत के कई अहम खिलाड़ी चोट से परेशान हैं। ऐसे में टीम के कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, बीसीसीआई सचिव जय शाह, पूर्व चयनसमिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा और एनसीए के हेड वीवीएस लक्ष्मण की मौजूदगी वाली मीटिंग में खिलाड़ियों के वर्कलोड पर काफी बात हुई। इस साल अक्तूबर के महीने में वनडे विश्व कप भी होना है। ऐसे में बीसीसीआई आईपीएल के दौरान प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दे सकता है। इस मीटिंग में 2022 में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में हार और टी20 विश्व कप में भारत के सेमीफाइनल में हारने पर भी चर्चा हुई। भारत के कई अहम खिलाड़ी इस साल चोट से जूझते रहे हैं। ऐसे में इस मीटिंग में चोट को लेकर काफी चर्चा हुई। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत की हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने बड़े खिलाड़ियों के चोटिल होने पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि खिलाड़ी फिट होने के बावजूद बार-बार चोटिल क्यों रहे हैं।

## ऋषभ पंत की हालत स्थिर, डीडीसीए की अपील- फैंस और साथी खिलाड़ी उनसे मिलने न जाएं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कार हादसे के बाद देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं। पंत अपनी मां से मिलने घर जा रहे थे, जब उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में पंत की कार जलकर खाक हो गई, लेकिन उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है। पंत के माथे पर टांके लगे हैं और उनके पैर में फैक्चर है। उनका इलाज जारी है। इस बीच डीडीसीए ने सभी से अपील की है कि पंत से मिलने के लिए अस्पताल न जाएं। दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के निदेशक श्याम शर्मा ने प्रशंसकों के साथ-साथ वीआईपी लोगों से अनुरोध किया कि वे इस समय विकेटकीपर-बल्लेबाज से मिलने से बचें।

## सरफराज के बाद पाकिस्तान टीम में लौटेंगे मोहम्मद आमिर, पीएसएल के जरिए करेंगे वापसी

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि वह फिर से पाकिस्तान की टीम के लिए खेलना चाहते हैं। 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले मोहम्मद आमिर ने अब वापसी में रुचि दिखाई है। आमिर ने साल 2020 में पाकिस्तान के टीम मैनेजमेंट पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की टीम का मैनेजमेंट उनके साथ उचित व्यवहार नहीं कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# अर्जुन की बाहों में न्यू ईयर का वेलकम करती दिखीं मलाइका

## कपूर के कजिन एक्टर मोहित मारवाह की पत्नी अंतरा मोतीवाला मारवाह भी दिख रहे हैं



बॉलीवुड स्टार्स इस समय नए साल के जश्न में डूबे हुए है। ज्यादातर स्टार्स अपनी फैमली और फ्रेंड्स के साथ अलग-अलग शहरों और देशों में न्यू ईयर 2023 सेलिब्रेट कर रहे हैं, जिसकी वह फोटोज और वीडियो फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। इसी बीच बी-टाउन लवबर्ड्स मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें दोनों एक दूसरे पर प्यार लुटाते दिख रहे हैं। दरअसल, मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के साथ अपनी एक रोमांटिक फोटो शेयर की है जिसमें वो अर्जुन को किस करती नजर आ रही हैं। ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक है और दोनों ने अपने नए साल की शुरुआत बेहद ही रोमांटिक अंदाज में करते दिख रहे हैं। फोटो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- 'हैलो 2023. लव एन लाइट।' अर्जुन कपूर के साथ इस कोजी फोटो के अलावा एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने खास दोस्तों के साथ नए साल के जश्न की फोटोज शेयर की हैं, जिसमें अर्जुन और मलाइका के अलावा वरुण धवन अपनी वाइफ नताशा दलाल दिख रही हैं। इनके अलावा डिजाइनर कुणाल रावल उनकी वाइफ अर्पिता मेहता और अर्जुन कपूर के कजिन एक्टर मोहित मारवाह की पत्नी अंतरा मोतीवाला मारवाह भी दिख रहे हैं। मलाइका की पोस्ट पर फैंस खूब सारा प्यार लुटा रहे हैं। इतना ही नहीं कमेंट में एक्ट्रेस को नए साल की बधाई देते हुए भी दिख रहे हैं। बता दें कि ये सभी स्टार्स राजस्थान के सवाई माधोपुर में हैं और इन्होंने वहीं नये साल को वेलकम किया है। जहां से लगातार इनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रही हैं। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर एक दूसरे को लंबे वक्त से डेट कर रहे हैं। वहीं पिछले काफी वक्त से इन दोनों की शादी की खबरें भी सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि ये स्टार कपल इस साल शादी के बंधन में बंध सकता है। हालांकि अभी तक शादी को लेकर मलाइका और अर्जुन की तरफसे कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है।

# सर्दियों में डैंड्रफ से छुटकारा दिलवाएंगे ये 5 हेयर पैक्स

सर्दियों के मौसम में कई तरह की स्किन और हेयर प्रॉबलम्स होती हैं। हेयर प्रॉबलम्स में से सबसे कॉमन डैंड्रफ की समस्या है। इस मौसम में स्किन ड्राई हो जाती है जिसके कारण बालों में डैंड्रफहोने लगता है। डैंड्रफसे राहत पाने के लिए महिलाएं कई तरह के हेयर पैक्स का इस्तेमाल करती हैं लेकिन फिर भी समस्या से राहत नहीं मिला पाती। इसके अलावा ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मौजूद कैमिकल त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। आप कुछ होममेड हेयरपैक्स का इस्तेमाल करके डैंड्रफ की समस्या से राहत पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

अंडा हेयरमास्क

आप अंडे से बने हेयरपैक का इस्तेमाल करके ड्राई हेयर और डैंड्रफकी समस्या से राहत पा सकते हैं। अंडे में प्रोटीन की काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है वहीं नींबू हेयर्स का पीएच बैलेंस करने में मदद करता है। अंडे आपके बालों को सॉफ्ट बनाने में मदद करता है।

**कैसे करें इस्तेमाल?**

**1 एक कटोरी में अंडा लें उसे अच्छे से फेंट लें।**

**2 फिर अंडे में नींबू निचौड़ें और मिक्स कर लें।**

**3 दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करके बालों पर 30 मिनट के लिए लगाएं।**

**4 तय समय के बाद बालों को सादे शैंपू से धो लें।**

**दही से बना हेयरमास्क**

**दही का इस्तेमाल करके भी आप डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले नैचुरल तत्व डैंड्रफके साथ-साथ झड़ते बालों से भी राहत दिलवाने में मदद करेंगे।**

**कैसे करें इस्तेमाल?**

**1 एक कटोरी में 2 चम्मच दही, दो चम्मच नींबू का रस मिलाएं।**

**2 दोनों चीजों को मिक्स करें और तैयार मिश्रण को बालों में लगाएं।**

**3 30 मिनट के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।**

**चाय पत्ती**

**अगर आपके बालों में बहुत ड्राईनेस हो रही है तो आप चाय पत्ती से बना हेयमास्क भी बालों में लगा सकते हैं।**

**कैसे करें इस्तेमाल?**

**1दो चम्मच चाय पत्ती को आधे कप गर्म पानी में डालें।**

**2. 10 मिनट के बाद पानी को छान लें।**

**3. फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं।**

**4. तैयार मिश्रण को स्कैल्प पर लगाएं।**

**5. 20 मिनट तक इस मिश्रण को बालों में लगाएं।**

**6. तय समय के बाद बाल सादे पानी से धो लें।**

**शहद हेयरमास्क**

**आप शहद से बना हेयरपैक बालों में लगाकर डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।**

**कैसे करें इस्तेमाल?**

**1. सबसे पहले एक बर्तन में नींबू का रस डालें।**

**2. इसमें थोड़ा सा शहद मिलाएं।**

**3. दोनों चीजों को मिक्स करके तैयार मास्क बालों पर लगाएं।**

**4. 20 मिनट तक हेयर मास्क को बालों पर लगाएं।**

**5.तय समय के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।**

**6. हफ्ते में दो बार इस पैक का इस्तेमाल आप कर सकते हैं।**

**सरसों का तेल से बना हेयरमास्क**

**सरसों के तेल इस्तेमाल करके भी बालों के डैंड्रफसे राहत पा सकते हैं।**

# खान की ऑनस्क्रीन बेटी सना सईद ने की सगाई

फिल्म कुछ-कुछ होता है में शाहरुख खान की ऑनस्क्रीन बेटी अंजली का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सना सईद ने सगाई कर ली है। सना ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपनी इंगेजमेंट की अनाउंसमेंट की है। शेयर किए गए वीडियो में सना अपने बॉयफ्रेंड के साथ रोमांटिक अंदाज में नजर आ रही हैं।

सना के बॉयफ्रेंड विदेशी हैं और उनका नाम साबा वॉनर है, जो कि हॉलीवुड के टॉप साउंड इंजीनियर हैं। सना और साबा ने सोशल मीडिया पर सगाई का बेहद प्यारा वीडियो शेयर किया है। वीडियो में साबा वॉनर घुटनों पर बैठकर सना को प्रपोज करते हैं। प्रपोजल देखकर सना बेहद खुश हो जाती हैं और उन्हें हां करती हैं। इसके बाद दोनों गले लग जाते हैं और सना उनकी गोद में बैठ जाती हैं। वीडियो के साथ-साथ सना ने रोमांटिक फोटोज भी शेयर की हैं। इस दौरान सना ने ब्लैक गाउन कैरी किया है, जो कि उनपर बेहद खूबसूरत लग रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आते ही यूजर्स सना और उनके मंगेतर साबा को बधाइयां दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा- आखिर अंजली को उसका राहुल मिल ही गया। वहीं कई सेलेब्स सना को उनके इस नई लाइफ के विश कर रहे हैं। बता दें कि साबा वॉनर हॉलीवुड साउंड डिजाइनर हैं और लॉस एंजेलिस में रहते हैं। दोनों काफी लंबे समय से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सना कुछ-कुछ होता है, बादल, हर दिल जो प्यार करेगा जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने लो हो गई पूजा इस घर की और बाबुल का आंगन छूटे ना जैसे टीवी शोज में भी काम किया है।

# आलिया संग रणबीर ने कुछ इस अंदाज में किया नए साल का वेलकम

बॉलीवुड के क्यूट कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने बीती रात अपने करीबी दोस्तों और खास लोगों के लिए न्यू पार्टी होस्ट की। आलिया और रणबीर ने अपने घर वास्तु में हाउस पार्टी रखी थी। शादी और बेटी राहा के साथ आलिया और रणबीर का ये पहला न्यू ईयर है। आलिया और रणबीर की इस लेट नाइट पजामा पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपनी इस पार्टी की तस्वीरें शेयर की है जिसमें आलिया और उनकी बहन शाहीन भट्ट दोनों सिल्क पजामा पहने दिखाई दे रहे हैं। वहीं रणबीर और बाकि सभी गेस्ट ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहने दिख रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर तीन फोटो शेयर की है। जिसमें एक फोटो में सभी लोग बालकनी बैठे हंसी मजाक करते दिख रहे हैं। रणबीर और आलिया की नए साल की पार्टी में एक्टर आदित्य रॉय कपूर, फिल्ममेकर रोहित धवन और पत्नी जाह्नवी धवन भी शामिल हुए। हाउस पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए आलिया ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी न्यू न्यू... मेरे सबसे प्यारे लोगों के साथ। एक फोटो में आलिया अपने हाथों से दिल बनाते हुए और बालकनी में मोमबत्ती और रोशनी की सजावट के सामने बैठकर मुस्कुराते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। पिंक हार्ट के साथ एक प्रिंटेड काला पायजामा सेट में अदाकारा काफी क्यूट और प्यारी लग रही हैं। इसके साथ आलिया ने हंसते हुए और हाथों से मुंह ढके हुए अपनी एक और फोटो शेयर की। आलिया ने एक ग्रुप फोटो में भी साझा की है, जिसमें उनके आगे रखे टेबल पर बहुत सारे ड्रिंक्स और स्नैक्स नजर आ रहे हैं। इस कैंडिड फोटो में आलिया, रणबीर, रोहित और जाह्नवी अपनी हंसी नहीं रोक पाए क्योंकि आदित्य रॉय कपूर और शाहीन उन्हें देख रहे थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म एनिमल में नजर आने वाले हैं जिसका फर्स्ट लुक आउट हो चुका है। इस फिल्म में रणबीर के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। वहीं आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म आलिया और रणवीर सिंह की जोड़ी नजर आएगी।

# राजीव ने डांस करते हुए बहन सुष्मिता सेन के साथ मनाया न्यू ईयर का जश्न

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफको लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस अपनी लव लाइफ को हमेशा खुलकर सबके सामने रखती है जिस वजह से वह लाइमलाइट में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की ही तरह उनके भाई राजीव सेन भी अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। राजीव और उनकी वाइफ चारु असोपा के बीच आए दिन होने वाले झगड़े और बयानबाजी हमेशा सभी का ध्यान अपनी ओर खींत लेती हैं। हालांकि बीते कुछ वक्त से राजीव और चारु फिर से एक साथ नजर आ रहे हैं। वहीं नए साल की शुरुआत राजीव ने अपनी वाइफचारु और बेटी जियाना के साथ नहीं बल्कि अपनी बड़ी बहन सुष्मिता सेन के साथ की। दरअसल, राजीव सेन ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वो अपनी बहन और एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के साथ दिखाई दे रहे हैं। फोटो में दोनों भाई-बहन ऑल ब्लैक आउटफिट्स पहन रखे है और उनकी बॉन्डिंग भी साफ देखने को मिल रही है। नए साल के मौके पर दोनों भाई-बहन एक साथ मस्ती के मूड में दिख रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए राजीव ने कैप्शन में लिखा है कि, 'क्या होता है जब राजीव सेन सुष्मिता सेन से मिलते हैं। वह सच में एक पैर पर डांस करते हैं।' शेयर की एक तस्वीर में दोनों भाई-बहन एक पैर पर डांस करते हुए भी नजर आ रहे हैं। राजीव की पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं।बता दें कि सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन ने बड़े ही शानदार तरीके से टीवी एक्ट्रेस चारू असोपा से शादी की थी। मगर उनकी बेटी जियाना के जन्म के बाद दोनों के रिश्ते में काफी अनबन आ गई थी। सोशल मीडिया पर चारू ने राजीव पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे। चारू खुलकर अपने वीडियोज में राजीव की बुरी आदतों और उनके गैर जिम्मेदारी को लेकर बाते करती हुई नजर आई थीं।

# शोएब इब्राहिम ने दीपिका कक्कड़ पर लुटाया प्यार

## दोनों ही अपने व्लॉग के जरिए फैंस से अपनी जिंदगी की हर छोटी से छोटी डिटेल्स शेयर करते





दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम टीवी की दुनिया के प्यारे कपल में से एक है। ये दोनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। दोनों ही अपने व्लॉग के जरिए फैंस से अपनी जिंदगी की हर छोटी से छोटी डिटेल्स शेयर करते रहते है। शोएब इब्राहिम अपनी पत्नी पर प्यार लुटाने का एक भी मौका नहीं छोड़ते है और हाल ही में नए साल के मौके पर उन्होंने दीपिका को एक खास गिफ्ट दिया है। दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते है और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने फैंस के साथ शेयर करते रहते है। सोशल मीडिया पर उनका प्यार भरा कनेकशन भी देखने को मिलता रहता है। शोएब दीपिका के बहुत प्यार करते है और अक्सर उन्हें एक से बढ़कर सरप्राइजेज देकर उनसे प्यार का इजहार भी करते रहते है। हाल ही में शोएब ने दीपिका को नए साल से ठीक एक दिन पहले लग्जूरियस बीएमडब्ल्यू गाड़ी गिफ्ट की है। दरअसल शोएब इब्राहिम ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी और दीपिका की तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों अपनी न्यू ब्रांड कार के साथ नजर आ रहे है। शोएब ने दीपिका को साल के आखिरी दिन यानि 31 दिसंबर, 2022 को शानदार तोहफा देते हुए लग्जूरियस बीएमडब्ल्यू एक्स 7 गाड़ी गिफ्ट की है। तस्वीर में शोएब दीपिका के सिर को किस करते हुए देखे जा सकते है। तस्वीर में दोनों काफी खुश लग रहे है। इस तस्वीर के साथ शोएब इब्राहिम ने कैप्शन में लिखा, 'साल 2022 की जर्नी सच में बहुत ही अच्छी रही, सबकी दुआएं हमारे साथ रहीं और आज हम यहां खड़े हैं, परिवार के साथ मिलकर इस बड़े से एडिशन को सेलिब्रेट कर रहे हैं, अपनी नई लग्जूरियस कार बीएमडब्ल्यू एक्स7 को घर लेकर जा रहे हैं, यह पल दुआओं, और खुशियों से भरा है, दीपिका, यह खास तुम्हारे लिए है, हर चीज के लिए मैं शुक्रगुजार हूं।' दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम के बीच का ये प्यार उनके फैंस को भी काफी पसंद आता है।

### बच्चों और गर्लफ्रेंड को साथ घुमाने पर ट्रोल हुए ऋतिक

ऋतिक रोशन शनिवार को अपने बच्चों और गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ एयरपोर्ट पर देखे गए। ऋतिक यूरोप के टूर पर थे लेकिन न्यू ईयर की शाम में वो मुंबई लौट आए। ऋतिक का एयरपोर्ट से निकलते वक्त का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें देख कर ट्रोलर्स उन्हें ट्रोल करने में लग गए हैं। दरअसल ऋतिक के साथ उनके बच्चों और गर्लफ्रेंड को साथ देखना ट्रोलर्स को रास नहीं आया है। ट्रोलर्स ऋतिक और उनकी गर्लफ्रेंड सबा के एज गैप को लेकर कमेंट कर रहे हैं। ट्रोलिंग करने वालों का कहना है कि सबा ऋतिक के बच्चों के उम्र की लग रही है। एक ट्रोलर ने लिखा - गर्लफ्रेंड बस थोड़ी ही बड़ी है बच्चों से। ऋतिक काफी समय से सबा आजाद को डेट कर रहे हैं। दोनों के एज गैप को लेकर काफी चर्चा होती है। ऋतिक जहां 48 साल के हैं वहीं सबा 37 की हैं। दोनों को अक्सर एक साथ बॉलीवुड पार्टीज में स्पॉट भी किया जाता है। हाल ही में खबर आई थी ऋतिक,सबा के साथ एक ही फ्लैट में शिफ्ट होने जा रहे हैं लेकिन बाद में दोनों ने इन खबरों का बेबुनियाद बता दिया था।

# केजीएफ डायरेक्टर संग इस सुपरस्टार ने मिलाया हाथ

## जेआर एनटीआर की फिल्म में निभा सकते है ये खास रोल





साल 2022 में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानि आमिर खान की मच अवेटेड फिल्म लाल सिंह चड्ढा रिलीज हुई। इस फिल्म से एक्टर को काफी उम्मीदें थी, लेकिन रिलीज के बाद उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। ये फिल्म बॉयकॉट का ऐसा शिकार हुई कि दर्शकों ने इस फिल्म को सिरे से नकार दिया। लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के बाद आमिर खान ने एक्टिंग से दूरी बना ली है, लेकिन इसी बीच उनकी एक फिल्म की चर्चा होने लगी। लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप हो जाने के बाद आमिर खान काफी मायूस हो गए थे।

उन्होंने शायद अपने किसी बुरे सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी इस फिल्म का ये हाल होगा। फिल्म के खराब प्रदर्शन के बाद आमिर खान ने कुछ समय के लिए एक्टिंग से दूरी बनाने का फैसला लिया है और इस दौरान वो प्रोडक्शन का काम संभालने वाले है, लेकिन इस ब्रेक के बाद आमिर खान एक धमाकेदार वापसी करते नजर आने वाले है। दरअसल, लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आमिर खान केजीएफ के डायरेक्टर प्रशांत नील की अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं।

बता दें कि हाल ही में जूनियर एनटीआर ने अपने बर्थडे पर प्रशांत नील के साथ अपनी अगली फिल्म का एलान किया था, जिसे अभी अनऑफिशियल तौर पर एनटीआर31 कह कर बुलाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर खान जूनियर एनटीआर की इस फिल्म में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट तो यहां तक आ रही है कि आमिर खान जूनियर एनटीआर की इस फिल्म में एक विलेन के रूप में नजर आ सकते हैं। इन रिपोर्ट्स के बाद अब आमिर खान के फैंस की खुशी तो सातवें आसमान पर पहुंच गई है और वो इन रिपोर्ट के सच होने का इंतजार करने लगे है। अगर ये खबरें सच साबित हुई तो बड़े पर्दे पर आमिर खान और जूनियर एनटीआर को साथ में देखना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

# कर्णेश संग अपने रिश्ते पर तृप्ति डिमरी ने लगाई मुहर!

## अनुष्का शर्मा के भाई संग सामने आई कोजी फोटो



फिल्म कला फेम तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी लव लाइफको लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। पिछले काफी वक्त से तृप्ति का नाम बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा के साथ जोड़ा जा रहा था। कर्णेश और तृप्ति के अफेयर की खबरें बॉलीवुड गलियारों से सामने आ रही थी। मगर अब एक्ट्रेस ने खुद कर्णेश संग रोमांटिक फोटो शेयर कर अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है। पिछले काफी वक्त से तृप्ति और कर्णेश के अफेयर की खबरें सामने आ रही थी। मगर अब एक्ट्रेस ने खुद कर्णेश संग अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी है। तृप्ति डिमरी ने अपने ऑफिशिलय इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है। जिसमें तृप्ति और कर्णेश दोनों रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। फोटो में दोनों एक दूसरे को कसकर गले लगाकर खड़े हैं और कर्णेश अपनी लेडीलव तृप्ति को किस कर रहे हैं। इस रोमांटिक फोटो पर दिल वाले इमोजी के साथ माई लिखा नजर आ रहा है। दरअसल, तृप्ति और कर्णेश की ये तस्वीर कर्णेश की कंपनी में काम करने वाले असोसिएट प्रोड्यूसर सौरभ मल्होत्रा ने शेयर की। जिसे एक्ट्रेस ने रीशेयर किया है। बता दें कि बीते दिनों तृप्ति अपनी फिल्म कला को लेकर खूब चर्चा में रहीं। इस फिल्म में उनके अभिनय को खूब तारीफमिली है। यह फिल्म कर्णेश की प्रोडक्शन कंपनी क्लीन स्लेट फिल्म्स ने प्रोड्यूस की है। खास बात ये है कि कला से पहले तृप्ति फिल्म बुलबुल में नजर आई थीं। बुलबुल में उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया था और इस फिल्म से ही तृप्ति को बॉलीवुड में खास पहचान भी मिली थी। खास बात ये है कि इस फिल्म को भी कर्णेश की प्रोडक्शन कंपनी क्लीन स्लेट फिल्म्स द्वारा ही बनाया गया था। बुलबुल के सेट पर ही इन दोनों की दोस्ती हुई थी, जो देखते ही देखते प्यार में बदल गई है। अक्सर दोनों एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करते दिखाई देते हैं।

# पहली बार वर्कआउट करने से पहले जान लें चोट से बचने के 5 तरीके

## जब आप पहली बार कसरत शुरू करते हैं, तो धीरे-धीरे और अपनी क्षमता अनुसार इसकी शुरुआत और आगे बढ़ना महत्वपूर्ण होता है



व्यायाम करने की आदत डालना आसान नहीं है। लोगों के लिए न केवल व्यायाम के लिए समय निकालना एक प्रमुख कारक है बल्कि दर्द और चोटों का डर भी एक कारण है कि लोग व्यायाम शुरू करने से कतराते हैं। हालांकि, जरूरी नहीं कि व्यायाम करने से दर्द हो या चोट लगे। यहां कुछ सरल चीजें दी गई हैं, जिन्हें आप व्यायाम शुरू करते समय दर्द और चोट के जोखिम से बचने के लिए कर सकते हैं।

**वार्म-अप**

(व्यायाम से पहले शरीर का तापमान बढ़ाना) व्यायाम से पहले खुद को 'वार्म-अपश् करना महत्वपूर्ण है। इससे मांसपेशियों और पूरे शरीर का तापमान बढ़ जाता है। यह आपके शरीर को व्यायाम के बढ़ते बोझ के लिए भी तैयार करता है। वार्म-अप के बाद गर्म हुई मांसपेशियां लंबे समय तक व्यायाम करने में सक्षम हो पाती हैं। इससे दर्द और चोट का जोखिम भी कम हो जाता है। असल में एक प्रभावी वार्म-अप अलग-अलग व्यायाम के लिए भिन्न हो सकते हैं। लेकिन, सामान्य तौर पर आपको कसरत शुरू करने से पहले कम से कम पांच से दस मिनट का समय वार्म-अप करने के लिए देना चाहिए। उदाहरण के तौर पर दौड़ने से पहले टहलना या तेज कदमों से चलना चाहिए या भारी वजन उठाने से पहले हल्का वजन उठाना चाहिए।

**अधिक प्रयास न करें**

व्यायाम शुरू करते समय अपनी क्षमता से अधिक कसरत करना एक सामान्य गलती है। इससे व्यायाम के बाद दर्द हो सकता है और आपके चोटिल होने की आशंका भी बढ़ सकती है। जब आप पहली बार कसरत शुरू करते हैं, तो धीरे-धीरे और अपनी क्षमता अनुसार इसकी शुरुआत और आगे बढ़ना महत्वपूर्ण होता है। व्यायाम के लाभ दिखने में सप्ताह या महीने भी लग सकते हैं, इसलिए अपने स्वास्थ्य और फिटनेस में रातोंरात सुधार देखने की अपेक्षा न करें। कुछ दिनों में आपको पिछले सत्र जितना लंबा या कठिन व्यायाम करना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में चोट से बचने के लिए अपने शरीर की सुनें और जब आप थका हुआ महसूस करें तो रुक जाएं।

**थकान से उबरने के लिए पूरा समय दें**

प्रत्येक सप्ताह आराम करने के लिए एक या दो दिन का समय देना व्यायाम की थकान से उबरने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, इन दिनों में केवल बैठे रहना और कुछ भी नहीं करने की आवश्यकता नहीं है। मांसपेशियों को उचित आराम मिलने से दर्द और चोट के जोखिम से बचाव संभव है। आराम के दिनों में टहलना या योग जैसे कम थकाने वाले व्यायाम शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, अलग-अलग दिन भिन्न तरह की कसरत करने से यह आपकी मांसपेशियों को बार-बार एक ही तरह का काम करने से बचाएगा।

**उचित तरीका सीखें**

व्यायाम शुरू करते समय शुरुआती दौर में ही कसरत का सही तरीका विकसित करना महत्वपूर्ण है। शुरुआत में, धीमी गति बनाएं और विभिन्न प्रकार के व्यायामों को करने की आदत डालें और तुरंत बहुत अधिक वजन नहीं उठाएं। इससे आपको चोट लगने से बचने में मदद मिलेगी। यदि आप जिम या फिटनेस सेंटर में व्यायाम करना चुनते हैं, तो जिम प्रशिक्षक की मदद ले सकते हैं। यदि आप अकेले व्यायाम करना पसंद करते हैं, तो आपके मार्गदर्शन के लिए बहुत सारे विकल्प ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

**सही जूतों को तरजीह दें**

जूतों की सही जोड़ी आपकी कसरत में खासा फर्क ला सकती है। दौड़ने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि आरामदायक जूते दर्द को कम करने में मददगार साबित होंगे और आपकी कसरत को और अधिक मनोरंजक बना देंगे।